हरिभूमि
# रायपुर भूमि

**केस 1**

डगनिया स्थित शासकीय विद्यालय में आठवीं के छात्रों से जब हमने पूछा कि क्या उन्हें किसी तरह के प्रश्नबैंक या मॉडल प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए गए हैं तो उनका जवाब था कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। शिक्षकों ने ना तो डीपीआई से प्राप्त मॉडल प्रश्नपत्र के प्रिंटआउट छात्रों को उपलब्ध करवाए और ना ही छात्रों को प्रश्न ही नोट करवाए हैं।


**केस 2**

भाठागांव स्थित शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत पांचवी-आठवीं के छात्रों से जब हमने मॉडल प्रश्नपत्रों की जानकारी ली तो छात्रों का कहना था कि उन्हें कोई मॉडल प्रश्नपत्र विद्यालय द्वारा वितरित नहीं किए गए हैं। टेक्स्ट बुक में कुछ सवालों को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षकों ने निशान लगवाए हैं, लेकिन मॉडल प्रश्नपत्र लिखवाया नहीं है।

**केस 3**

लालपुर स्थित शासकीय विद्यालय में निजी प्रकाशकों की टीम अपनी किताब लेकर बिक्री के लिए पहुंची हुई मिली। वे छात्रों को बताते रहे कि परीक्षा में अधिकतर सवाल इससे ही पूछे जाएंगे। ना केवल लालपुर बल्कि अधिकतर शासकीय विद्यालयों में निजी प्रकाशक बगैर रोक-टोक अपनी किताबें बेच रहे हैं।





- बोर्ड परीक्षाओं को लेकर न स्कूल गंभीर और न शिक्षक
- फरवरी के प्रथम सप्ताह ही डीपीआई ने जारी कर दिए थे मॉडल प्रश्नबैंक
- परीक्षाओं में एक सप्ताह ही शेष, लेकिन गंभीरता नहीं दिखा रहे स्कूल व शिक्षक

# पांचवी-आठवीं के मुफ्त के मॉडल प्रश्नपत्र बच्चों तक पहुंचे ही नहीं, कुंजी की शक्ल में बाजार में बिक रहे

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक सप्ताह पश्चात अर्थात 17 मार्च से पांचवी की और 18 मार्च से आठवीं की परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली हैं। परीक्षाओं में केवल एक सप्ताह का ही समय शेष है, लेकिन ना तो शिक्षक और ना ही स्कूल प्रबंधन इसे लेकर गंभीरता दिखा रहे हैं। आलम यह है कि जो मॉडल प्रश्नपत्र छात्रों को मुफ्त में उपलब्ध हो जाने ▶▶|शेष पेज 11 पर

### 60 से 100 रुपए खर्च रहे छात्र

चूंकि छात्रों को ब्लू प्रिंट, मॉडल प्रश्न बैंक अथवा इस तरह की कोई जानकारी प्रदान नहीं की गई है, इस कारण व मार्केट से इसे खरीद रहे हैं। इसके लिए उन्हें 60 से 100 ▶▶|शेष पेज 11 पर

### निजी प्रकाशकों का दावा-डीपीआई के ब्लूप्रिंट पर आधारित

कई निजी प्रकाशक ऐसे हैं, जिन्होंने डीपीआई द्वारा जारी किए गए सैंपल क्वेश्चन पेपर के साथ स्वयं के प्रश्नपत्र भी तैयार करके छापे ▶▶|शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### दो लाख की हेरोईन चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीर नगर पुलिस ने होली के मौके पर प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोईन चिट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत की 39 ग्राम हेरोईन चिट्टा जब्त की है। हेरोईन चिट्टा के साथ पुलिस ने दुर्ग कुम्हारी निवासी लवप्रीत सिंह उर्फ करन तथा हीरापुर वीर सावरकर नगर निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ गोगा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक अपने ग्राहकों को हेरोईन चिट्टा की डिलीवरी देने जरवाय बायपास रोड के पास बाइक से पहुंचे थे। पुलिस दोनों युवकों को दबोचने पहुंची, तब वे पुलिस को चकमा देकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ट्रक ड्राइवरों से तस्करी के जरिए पंजाब से उक्त मादक पदार्थ रायपुर मंगाया था।

### ढाबा मालिक पर जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने ढाबा संचालक तथा उसके साथियों पर तलवार से जानलेवा हमला करने के आरोप में दो आरोपियों को महाराष्ट्र के चिचोला से गिरफ्तार किया है। गुरजीत सिंह तथा उसके साथियों पर प्राणघातक हमला करने के आरोप में पुलिस ने जागीर सिंह उर्फ सब्बा तथा लखविंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। गुरजीत ने पुलिस को बताया कि जागीर सिंह रिश्ते में उसका मामा लगता है। ट्रक खरीदी के विवाद में जागीर ने अपने साथी के साथ मिलकर अपने भांजे तथा उसके साथियों पर प्राणघातक हमला किया था।

### क्रिकेट सट्टा संचालित करते धरा गया सटोरिया

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार में चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के फायनल मैच में सट्टा संचालित करने के



आरोप में पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। क्रिकेट सट्टा में दांव लगवाने के आरोप में पुलिस ने महावीर नगर निवासी विशाल चेलानी को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपी आईडी खरीदकर क्रिकेट मैच पर दांव लगवा रहा था।

रायपुर में 65 से 70 करोड़ रुपए की शराब बिक्री होने का अनुमान

# होली पर तीन दिन में शराब के कारोबार में आएगा उफान, होगी 500 करोड़ की कमाई!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर


होली के आते ही जहां लोग अपने लिए खानपान, रंग, गुलाल की व्यवस्था करते हैं। वहीं शराब के शौकीनों को होली के अवसर पर पीने-पिलाने की विशेष चिंता होती है। शराब के शौकीन होली के दो से तीन पूर्व ही इसका प्रबंध करने में जुट जाते हैं। पियक्कड़ों को शराब की कमी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने एक माह पहले से तैयारी कर ली है। वर्तमान में बेवरेज कॉर्पोरेशन के गोदाम में पांच सौ करोड़ रुपए की शराब का स्टाक जमा किया गया है।

राजधानी में पिछले वर्ष होली के अवसर पर तीन दिन में 50 करोड़ 18 लाख 26 हजार 30 रुपए की शराब पियक्कड़ गटक गए थे। इस लिहाज से शराब की मांग तथा खपत को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग के अफसरों को इस होली में अकेले रायपुर जिले में 65 से 70 करोड़ रुपए ▶▶|शेष पेज 11 पर

### होली में सामान्य दिनों से तीन गुना ज्यादा बिकती है शराब

#### 40 प्रतिशत खपत इन तीन जिलों में

शराब बिक्री के मामले में रायपुर पूरे प्रदेश में टॉप पर है। इसके साथ ही दुर्ग, बिलासपुर दूसरे तीसरे नंबर पर है। इन तीन जिलों में ही शराब का जितना स्टाक है। उसमें से 35 से 40 प्रतिशत इन तीन जिलों में हो जाती है। आदिवासी तथा छोटे जिलों में ज्यादातर देशी शराब की बिक्री ज्यादा होती है।



**कार्रवाई करने फ्लाइंग स्क्वाड की टीम :** होली के समय शराब की अवैध बिक्री बढ़ जाती है। इस बात को ध्यान रखते हुए आबकारी विभाग ने अलग से पलाइंग स्क्वाड की टीम तैयार कर कोचियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से तस्करी कर शराब न पहुंच पाए। इसलिए संदिग्ध वाहनों की जांच करने निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुकान से शराब खरीदकर कोई कोचिया खरीदी-बिक्री न करे, इस पर भी ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### स्टाक मेंटेन करने अभी से दुकानों में स्टोरेज

शराब दुकानों में शराब की कमी न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए पिछले एक सप्ताह से शराब दुकानों में शराब की स्टाक जमा की जा रही है। इसके साथ ही नियमित दुकानों में कितना शराब बिक्री हुई, इसका स्टाक अलग से मेंटेन किया जा रहा है। शराब दुकानों में रविवार से ही पियक्कड़ों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई है।

#### सामान्य दिनों से तीन गुना ज्यादा बिक्री

होली के मौके पर शराब की खपत सामान्य दिनों की अपेक्षा तीन गुना ज्यादा बढ़ जाती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग के अफसर सभी शराब दुकानों में शराब पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए हैं। राजधानी में पिछले तीन दिनों में बीयर की खपत इतनी ज्यादा थी कि लोग ठंडी की जगह गर्म बीयर तक खरीदकर ले जाते दिखे।

## विजिटिंग कार्ड से ऑन डिमांड शराब की सप्लाई आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों को विजिटिंग कार्ड के माध्यम से ऑन डिमांड उनकी मनपसंद शराब उपलब्ध कराने के आरोप में टिकरापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के कब्जे से पुलिस ने अलग-अलग महंगे ब्रांड की सात हजार रुपए कीमत की चार बोतल शराब जब्त की है। लोगों को ऑन डिमांड शराब उपलब्ध कराने के आरोप में रावतपुरा, बीएसयूपी कालोनी निवासी महेश जांगड़े को गिरफ्तार किया गया है।



- युवक को शराब डिलीवरी देने जाने के दौरान पुलिस ने किया गिरफ्तार

पूछताछ में महेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने नियमित ग्राहकों को विजिटिंग कार्ड दे देता है। ग्राहक उसे कॉल कर शराब की मांग करते थे। इसके बाद महेश अपने पास उपलब्ध शराब की जानकारी देता था। ग्राहक जरूरत के हिसाब से महेश से शराब खरीदते थे। पुलिस ने महेश को शराब डिलीवरी करने जाने के दौरान रास्ते में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, महेश पड़ोसी राज्यों से सीमित मात्रा में शराब मंगाकर अवैध रूप से बेचने का काम करता था।

## गैंगस्टर अमन साहू को शूटआउट केस में ले गई झारखंड पुलिस

- काफी मशक्कत के बाद अमन को गिरिडीह जेल से प्रोटक्शन वारंट पर लाई थी रायपुर पुलिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड पुलिस सोमवार को गिरफ्तार कर अपने साथ प्रोटेक्शन वारंट में झारखंड लेकर रवाना हो गई। अमन के खिलाफ रांची के कोल कारोबारी पर फायरिंग करने का आरोप है। अपने यहां के केस के सिलसिले में पूछताछ करने झारखंड पुलिस, अमन को प्रोटेक्शन वारंट पर लेकर गई। सड़क निर्माण तथा कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े तेलीबांधा स्थित पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर छह माह पूर्व विगत 13 जुलाई को फायरिंग करने के आरोप ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कारोबारी पर फायरिंग मामले में ले गई झारखंड पुलिस

रांची में चार दिन पूर्व शुक्रवार को फिरौती नहीं देने पर कोल ट्रांसपोर्ट कारोबारी बिपिन शर्मा की कार पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। फायरिंग की घटना में गोली बिपिन के गले को छूते हुए निकल गई। एक गोली बिपिन के हाथ में लगी। घटना के तुरंत बाद अमन के गुर्गों ने घटना की जिम्मेदारी ली। रांची पुलिस उसी सिलसिले में अमन को पूछताछ करने अपने साथ प्रोटेक्शन वारंट पर झारखंड लेकर गई है।

## डीएमएफ फंड घोटाला सौम्या, रानू, सूर्यकांत समेत पांच जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीएमएफ घोटाला मामले में राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, निलंबित आईएएस रानू साहू, एनजीओ संचालक मनोज द्विवेदी तथा आदिवासी विकास परिषद की तत्कालीन डिप्टी डायरेक्टर की सोमवार को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। ईओडब्ल्यू, एसीबी कोर्ट के जज छुट्टी पर होने की वजह से पांचों को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने पांचों को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। डीएमएफ फंड घोटाला मामले में सौम्या, सूर्यकांत को आरोपी बनाए ▶▶|शेष पेज 11 पर

- पांचों आरोपियों को आज पुन: कोर्ट में पेश किया जाएगा
- ईओडब्ल्यू ने पूछताछ के लिए पांचों को लिया था रिमांड पर

### जांच एजेंसी मांगेगी रिमांड पर

न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव के कोर्ट में पांचों आरोपियों को पेश किया गया, तब ईओडब्ल्यू ने पांचों की दो दिन की पुलिस रिमांड देने की मांग की। मामले की सुनवाई नियमित कोर्ट में नहीं होने की वजह से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने पांचों आरोपियों को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। पांचों को मंगलवार को नियमित कोर्ट में पेश किया जाएगा, तब ईओडब्ल्यू के वकील पांचों आरोपियों से पूछताछ करने दो दिन की रिमांड और मांग सकते हैं।




मामला कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का

# पहली बार कुलपति चयन का विज्ञापन ही निरस्त, मापदंड बदलाव की तैयारी!

*21 फरवरी को जारी किया गया था कुलपति पद के लिए विज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के विश्वविद्यालय एक ओर कुलपति के लिए तरस रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुलपति चयन के लिए जारी किया गया विज्ञापन ही निरस्त कर दिया गया है। मामला कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि का है। राजभवन द्वारा यहां कुलपति चयन के लिए 21 फरवरी को विज्ञापन जारी ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कांग्रेस ने बदले थे मापदंड



21 फरवरी को जारी विज्ञापन में उन मापदंडों को यथावत रखा गया था, जो कांग्रेस शासनकाल में लागू थे। दरअसल, पत्रकारिता विवि में कुलपति पद के लिए मापदंडों में पिछली सरकार में बदलाव किया गया था। प्राध्यापक के रूप में निर्धारित समयावधि की बाध्यता समाप्त करते हुए मीडिया सेक्टर में न्यूनतम 20 वर्ष अनुभव अनिवार्य किया गया था। बदलाव को लेकर उस उक्त भी बहस हुई थी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, जल्दबाजी में पुराने मापदंड के आधार पर ही विज्ञापन जारी कर दिया गया था। बाद में जब इस पर ध्यान गया तो निरस्त कर दिया गया। कुलपति के लिए निर्धारित मापदंड में पुन: परिवर्तन किए जाने की चर्चाएं हैं।

### चार विश्वविद्यालय कर रहे कुलपति का इंतजार

प्रदेश में 15 शासकीय विवि हैं। इनमें से 4 विश्वविद्यालय में कुलपति का पद रिक्त है। इनमें स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि, इंदिरा गांधी कला एवं संगीत विवि, हेमचंद यादव विवि दुर्ग और पत्रकारिता विवि शामिल है। शेष विश्वविद्यालयों के लिए विज्ञापन व आवेदन संबंधित प्रक्रियाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। दुर्ग विवि के कुलपति की घोषणा भी शीघ्र होने की संभावना है, जबकि मौजूदा हालातों में पत्रकारिता विवि को कम से कम 6 माह का इंतजार कुलपति के लिए करना होगा।

## खबर संक्षेप



### मानस गान समारोह में रामचरित पर की चर्चा

**तरपोंगी।** अंचल में श्री रामचरित मानस गान वार्षिक उत्सव के आयोजन से क्षेत्र धार्मिक मय हो गया है, दूर दूर से संगीत के क्षेत्र में कलाकार अपनी प्रतिभा को मंच के माध्यम से प्रदर्शन करने का एक अच्छा मौका मिल रहा है। भगवान राम की भक्तिमय तथा रामायण के संदर्भ में कई अनछुए बातें व्याख्याकार के माध्यम से सुनने जानने का अवसर मिल रहा है। इससे ग्रामीण अंचल में भगवान राम के आदर्शों पर चलने की सिख मिल रही है।अंचल के ग्राम तरपोंगी, सांकरा, सड्डू, भूमिया, बेमता, लखना, बलौंदी खुर्द, खैरखूँट, सगुनी, मोहदा, गुजरा, निनवा, अकोली, सरोरा, भुरसुदा, परसदा, सिलपट्टी आदि गांवों में मानस गान जारी है।

### चपरीद के सरपंच ने स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज



**आरंग।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चपरीद में नवनियुक्त सरपंच खेमलता कोमल धुरव ने बच्चों के साथ अपनी खुशी शेयर करते हुए न्योता भोज का आयोजन किया। उनके द्वारा समोसा, बड़ा, गुलाब जामुन एवं केला विद्यार्थियों को आंशिक आहार के रूप में दिया गया। बच्चों ने भी उन्हें बधाई देते हुए धन्यवाद कहा और भोजन मंत्र के साथ न्योता भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शासन की यह योजना मन को सुकून देने वाली है, खासकर बच्चों के साथ यह खुशी दुगनी हो जाती है। उन्होंने बच्चों को आगामी केंद्रीय परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी एवं खुद को सहयोग के लिए हमेशा तैयार बताया। इस अवसर पर प्रधान पाठक मृणालमूर्ति पांडे सहित शैक्षिक स्टाफ, गांववासी एवं महिला स्वास्थ्य सहायता समूह रसोइयों की उपस्थिति रही।

# डीआरएम ने तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन से दुकानें हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

रायपुर डीआरएम दयानंद अपनी टीम के साथ स्पेशल सैलून से तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन का जायजा लेने के बाद अमृत भारत योजनांतर्गत तिल्दा स्टेशन में जारी कार्य को देखने पहुंचे। कार्य की धीमी गति को देखकर वे काफी नाराजगी व्यक्त किए, साथ ही स्टेशन के बाहर 21 दुकानें रेलवे की है जो लीज पर थी , लीज खत्म हो गया है जिन्हें डीआरएम ने तत्काल खाली कराने के निर्देश दिए है। और अमृत भारत योजनांतर्गत कार्य को तीव्र गति से कराने आदेश दिए। जोनल रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने उपस्थित होकर रेल्वे अंडर ब्रिज में लाइट लगाने सहित स्टेशन की समस्याओं से अवगत करवाया। व यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग भी की। वहीं डीआरएम दयानंद ने टिकट घर के पास बने पब्लिक टायलेट का भी जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए, बता दे लाखों रुपए की लागत से उक्त यात्री टॉयलेट का निर्माण किया गया है और निर्माण के बाद से वह सालों से ऐसे ही है जो अब कबाड़ में तब्दील हो रहा है। वहीं तिल्दा रेलवे फाटक को एक एक घंटा बंद रखने के सवाल पर कहा कि दिखवाते है। बता दे अप और डाउन दोनों दिशाओं से 6, 7 ट्रेनें नहीं गुजर जाती तब तक रेलवे फाटक को बंद रखा जाता है। लंबी जाम रेल्वे फाटक पर लग जाती है, मुख्य मार्ग जाम हो जाता है। विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। इस अवसर पर डीसीएम राकेश सिंह, सीनियर डीईई महावीर कुमार जैन, मनीष कुमार अग्रवाल, तिवारी जी सहित स्टेशन मास्टर सुमन झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**डीआरएम दयानंद अपनी टीम के साथ स्पेशल सैलून से स्टेशन पहुंचे**

**लीज की अवधि खत्म इसलिए फौरन कार्रवाई करें**




गड़बड़ी : नारा, खम्हरिया, टेकारी व संकरी डेम में चोरी का मामला उजागर

# लबालब भरे चार स्टापडेम से पानी की चोरी, मंत्री से शिकायत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कोल्हान नाला पर आरंग विधानसभा क्षेत्र के अधीन क्रमशः ग्राम नारा, खम्हरिया, टेकारी व संकरी में निस्तारी व भूगर्भीय जल संवर्धन हेतु बनाये गये 4 स्टाप डेमो में लबालब भरे पानी की बीते दिनों चोरी हो गयी है। आशंका है कि यह कारस्तानी कोल्हान नाला के किनारे ग्रीष्मकालीन धान बोने वाले चुनींदा किसानों की हो सकती है। यह जानकारी जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप सहित विभागीय अधिकारियों को मेल से ज्ञापन भेज देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने इस संबंध में संबंधित थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ–साथ पतासाजी करवा कड़ी विभागीय कार्यवाही करने व आगामी कृषि वर्ष से स्टाप डेमो के किनारे रबी धान की फसल बोने पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है।

श्री कश्यप सहित जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता, एम.जी. बेसिन के मुख्य अभियंता, जल संसाधन संभाग के अधीक्षण अभियंता व संबंधित कार्यपालन अभियंता व अनुविभागीय अधिकारी को प्रदत्त ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि क्षेत्र में भूगर्भीय जल की कमी को देखते हुये इसके संवर्धन व खासकर ग्रीष्मकाल में ग्रामीणों के निस्तारी हेतु जनता की मांग पर इन स्टाप डेमो का निर्माण कराया गया है। स्टाप डेमो से लगे ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा संचित इस पानी का उपयोग न कर पाने व पानी की रातोंरात डुप्लीकेट चाबी बनवा चोरी कर ले जाने पर संबंधित ग्रामों के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि इन स्टाप डेमो के आगे धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहदी में बने स्टाप डेम के गेटों के चोरी हो जाने के बाद ग्रामीणों द्वारा बोरियों से बनाये गये अस्थायी अवरोधक को भी हटा पानी चोरी कर ले जाने की जानकारी मिली है जबकि यहां पर बहोरन पाट का मेला भी प्रतिवर्ष भरता है। श्री शर्मा ने इस संबंध में अधीक्षण अभियंता श्री सिद्दीकी व कार्यपालन अभियंता श्री धवन से चर्चा कर संवेदनशीलता से कार्यवाही करने का आग्रह करने की भी जानकारी दी है।





### कोल्हान नाले में पानी छोड़ने और खैरखूँट तक डामरीकरण की मांग



**तरपोंगी।** रायपुर जिले का कोल्हान नाला पूरी तरह सूख चुका है। इससे पूरे क्षेत्र में भूजल स्तर में गिरावट के साथ निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो गया है। मवेशियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। अतः गंगरेल बांध से कोल्हान नाला में अतिशिघ्र पानी छोड़ा जाए जिससे कि पूरे क्षेत्र का जल संकट दूर हो सके। साथ ही तिल्दा विकासखंड के ग्राम खैरखूँट से खारुन नदी तक कच्ची सड़क है जिससे बरसात के दिनों में आवागमन बाधित रहता है। उक्त मार्ग का डामरीकरण किया जाना अति आवश्यक है। दो किलोमीटर तक लंबी कच्ची सड़क होने से बेमेतरा जिला के अधिकतर गांव का संपर्क टूट जाता है। लोगों को आवागमन के लिए बीस किलोमीटर से अधिक दूरी का सफर करना पड़ता है। अतः समुचित क्षेत्र की विकास एवं आवागमन की सुविधा के लिए उक्त सड़क मार्ग का डामरीकरण करना अति आवश्यक है। इसे लेकर क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने राजस्व एवं खेल मंत्री टंक राम वर्मा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शीघ्र ही समस्या का निराकरण करने की बात कही।

## नपं समोदा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

महानदी के किनारे बसे नगर पंचायत समोदा के बस स्टैण्ड में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्याम नारंग ने की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर सहित सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत समोदा के विकास व जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नगर की जनता ने भाजपा के प्रति जो विश्वास प्रकट किया है, उसके प्रति ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार अटल संकल्प पत्र में किये अपने वादों को अक्षरसः पूरा करने के लिए —त संकल्पित है। आने वाले पांच वर्ष में नगर के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु सभी जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा, समर्पण एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आरंग विधानसभा सहित प्रदेश की प्रगति में अपनी जनभागीदारी जरुर सुनिश्चित करेंगे।

समारोह में चुनाव प्रभारी गुलाब सिंह टिकरिहा, पूर्व विधायक संजय ढीढी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला मंत्री राजेन्द्र वर्मा, समोदा मण्डल अध्यक्ष देवकुमार साहू, पीलाराम निषाद, हरीलाल सोनकर, गजेन्द्र वर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## होली के लिए पेड़ों की कटाई प्रशासन से कार्रवाई की मांग



**आरंग।** सामने होली का पर्व है। पूरे देश में होली का पर्व पवित्र वातावरण में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। वहीं अनेक गांवों व शहरों में होली के पर्व को उपद्रवी व शरारती तत्वों द्वारा सप्ताह भर पहले से ही रंग में भंग डालने का मामला सामने आ है। शरारती तत्व होली जलाने के लिए आसपास के खेतों के कच्चे पेड़ों को काटकर होलिका के लिए एकत्रित करने लगे हैं। ऐसे ही मामला देखने को मिल रहा है धार्मिक नगरी आरंग के अकोली रोड वार्ड क्रमांक 06 और 14 में। यहां वार्ड के शरारती लोगों के द्वारा होलिका जलाने के नाम पर आसपास के खेतों से कच्चा बबूल व अन्य छोटे–छोटे पेड़ों को काटकर होलिका का स्वरूप दिया जा रहा है। वहीं होलिका दहन का स्थल भी अनुकूल नहीं है। नगर के नगरपालिका कार्यालय के ठीक सामने, रोड के किनारे बिजली तार के नीचे होलिका दहन के लिए लकड़ी एकत्रित कर रहें है। जिससे होलिका दहन के समय बड़ी दुर्घटना की संभावना जताई जा रही है। वहीं बुद्धिजीवी लोगों का कहना है इस तरह की होलिका दहन की परंपरा को प्रोत्साहित किया गया तो पवित्र होली के रंग में खलल पड़ सकता है। जिसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका परिषद व पुलिस प्रशासन को संज्ञान में लेकर तत्काल इस पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

## शराब की अवैध बिक्री नहीं थम रही पुलिस को सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** संपन्न पंचायत चुनाव के दौरान ही पूर्ववर्ती पंचायत द्वारा पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंप अवैध शराब बिक्री से मुक्ति दिलाने के गुहार के बाद भी सकारात्मक परिणाम न मिलने से आक्रोशित पिपरहट्ठा के नवनिर्वाचित पंचायत ने आंदोलनात्मक रुख अपनाने के पहले एक बार फिर ध्यानाकर्षण कराने का निर्णय ले पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंप इस पर पुख्ता रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की है। इधर शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सौंपे ज्ञापन में मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्रामों में बिक रहे अवैध शराब, गांजा व नशीली गोलियों सहित जुआ पर रोक लगाने सतत सघन प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। बीते शुक्रवार को पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह से मुलाकात न हो पाने पर उनके कार्यालय को व पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा के कार्यालय में पदस्थ पुलिस अधिकारी चंचल तिवारी को सौंप हालात से अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में नवनिर्वाचित सरपंच कुंजबिहारी वर्मा, संदीप वर्मा, परमानंद ठाकुर व अनिल वर्मा आदि शामिल थे।

## धोबी समाज की बैठक में परिचय सम्मेलन आयोजन पर की चर्चा

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ झेरिया धोबी रजक समाज चार राज नौ पार का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमे युवक युवती परिचय सम्मेलन, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, सामाजिक समस्याओं का निराकरण, पदाधिकारी का चुनाव, श्रद्धांजलि योजना 5 हजार एक सौ रुपय लागू करना आदि शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व एवं खेल मंत्री थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चोवाराम रजक ने किया। अति विशिष्ट अतिथि तुलसी कौशिक मुख्यमंत्री के निज सहायक, सूरज निर्मलकर प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज रहे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में एकता जरूरी है कुरीतियों को दूर करना शिक्षा के साथ संस्कार पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र वर्मा जनपद सदस्य, नंदू साहू सरपंच सड्डू, टाकेश्वर निर्मलकर उप सरपंच, अशोक निर्मलकर, खिलावन निर्मलकर थे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सावन नायक, डॉ शोभित वर्मा, बेनीराम साहू, श्रवण वर्मा, रमेश निर्मलकर, लालजी निर्मलकर, श्री चंद निर्मलकर, ललित निर्मलकर, वेदराम निर्मलकर, पीलाराम निर्मलकर, होलु राम निर्मलकर, मंसाराम निर्मलकर, कृष्ण कुमार निर्मलकर, रामकुमार निर्मलकर, अशोक कुमार निर्मलकर, गौकरण निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, रूपेश निर्मलकर, पूर्णिमा निर्मलकर, दशमत निर्मलकर, पुष्पा निर्मलकर, लक्ष्मी निर्मलकर, संतराम निर्मलकर, रामाधीन निर्मलकर, सेतराम निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में सामाजिक गण उपस्थित थे।



# माताओं और बहनों को सशक्त बनाकर ही समुचित विकास कर सकते हैं : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे ग्राम पंचायत केन्द्री मे नवनिर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमति धनेश्वरी डांडे एवं हरि ओम यादव समाजसेवी के तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते कहा कि महिला दिवस के माध्यम से हम सब महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करने इस मंच मे उपस्थित हुये है माताओं बहनो को सशक्त बनाये बगैर न हम विकास कर पायेगे और न ही हमारा देश,मातृ शक्ति सशक्त होगी तभी भारत देश विकसित राष्ट्र बन पायेगा, किसी भी प्रदेश व देश के विकास के लिए शिक्षा,संस्कार व सभ्यता को बचा कर रखने की जरूरत है जिस देश मे यह तीनो संस्कार नही है उस देश को पतन की ओर जाने से कोई नही रोक सकता इस काम मे भी महिलाओ की भूमिका महत्वपूर्ण है, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने 145 सरकारी योजनाये चलाई जा रही है । जिसमे जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी प्रकार की परिस्थितियो मे लोगो को मदद किया जा रहा है,प्रधानमंत्री की सोच है माताओ बहनो को महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1 हजार रूपये दिया जा रहा है तथा सभी महिलाओ के नाम से बैक खाते है आज महिलाये को छोटी-छोटी आवश्यकताओ के लिए हाथ फैलाने की जरूरत नही है,लखपति दीदी के नाम से सरकार द्वारा 3 से 5 लाख रूपये तक व्यवसाय के लिए दिया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष श्रीमति चंद्रिका जितेन्द्र बंजारे,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,जनपद सदस्य श्रीमति धनेश्वरी डांडे,समाजसेवी हरिओम यादव,मिनी माता कन्या आश्रम संस्था के प्रमुख पन्नालाल नवरंगे,सेवानिवृत्त शिक्षक नांदुल बंजारे,रतन लाल गिलहरे, छग लोक कला मंच संयोजक फतीस साहू ,केन्द्री सरपंच नेतराम साहू,झांकी सरपंच लोकेश साहू,गिरोला सरपंच नान्हू दास बघेल आदि लोगो ने महिला दिवस के अवसर पर अपने अपने विचार मंच के माध्यम से प्रस्तुत किये। इस अवसर पर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के जिला संयोजक राघवेन्द्र साहू, ,पूर्व सभापति जितेन्द्र बंजारे,पूर्व सरपंच श्रीमति अंजनी सिन्हा,चंनद्रिका सिन्हा,शिकुन कोसे,मेलाराम डांडे,यशवंत सिन्हा,श्याम लाल साहू,चिराग सिन्हा,चन्द्रशेखर साहू,लक्की चतुर्वेदी,शत्रुहन सिन्हा,गंगा प्रसाद सिन्हा,पुरूषोत्तम नवरगं,कैलाश सिन्हा,राजू नवरंगे,ज्योति चतुर्वेदी,माला चतुर्वेदी,माला सिन्हा,चंन्द्रकांता साहू,कुमारी साहू,रामकुमार वैष्णव व हजारे की संख्या मे महिलाये उपस्थित रही।

### दी जा रही है सब्सिडी

वही बिहान मे भी 25 हजार रूपये दिया जाता है जिसमे 15 हजार रूपये की सब्जिडी दिया जाता है,बालिका समृद्धि योजना मे 18 साल के बाद 1 लाख रूपये मिलने का प्रावधान है उसी तरह सुकन्या योजना मे आप जितना जमा करेगे 18 साल बाद उसका दोगुना राशि प्राप्त होगी,महिला सम्मेलन कराने का उद्देश्य अपने अधिकारो व कर्तव्यो को जानना है पंचायती राज व्यवस्था मे 50 प्रतिशत से अधिक महिलाये सरपंच है,ग्राम सभा के माध्यम से महिलाओ को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है।

### शपथ-पत्र

मै, शिबा शेख (SHIBA SHEIKH) उम्र-35 वर्ष, पति-जहीर शेख (JAHIR SHEIKH) निवासी-संतोषीनगर, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) की हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा पुत्र जैद जहीर शेख (ZAID JAHIR SHEIKH) जन्म दिनांक 08/09/2015 को जिला अस्पताल, रायपुर (छ.ग.) में हुआ है एवं जन्म पश्चात मेरे द्वारा मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जिला चिकित्सालय रायपुर से बनवाया गया है जिसका पंजीयन क्रमांक-1749 पंजीयन दिनांक 08/09/2015 है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद जैद, पिता- जाहीर शेख दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम जैद जहीर शेख (ZAID JAHIR SHEIKH) पिता- जहीर शेख (JAHIR SHEIKH) है।
4. यह कि, मैं अपने पुत्र के उपरोक्त जन्म प्रमाण में हुई मेरे पुत्र एवं पति के नाम की त्रुटि को सुधार कर पुत्र का सही नाम जैद जहीर शेख (ZAID JAHIR SHEIKH) पति का सही नाम-जहीर शेख (JAHIR SHEIKH) दर्ज कर जन्म प्रमाण में नाम हिन्दी एवं अंग्रेजी में डिजिटल प्रति बार कोड युक्त प्राप्त करना चाहती हूं इस हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र निष्पादित किया जा रहा है।
5. यह कि, अपने उपरोक्त वर्णित कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित संस्था/विभाग के समक्ष जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी बातें मेरी निजी जानकारी में सही है अतः आज दिनांक को रायपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी हूँ। **शिबा**
दिनांक 28.02.2025 **सत्यापनकर्ती**

### न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 04.03.2025

श्री देवेश दत्त वैसवाड़े (तलाकशुदा) आत्मज स्व. आर.के. वैसवाड़े, उम्र 58 वर्ष निवासी श्याम नगर, संतोषी मंदिर के पास पो. रविग्राम, थाना तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. एवं चंद्रकांता (तलाकशुदा) आत्मजा श्री नरसिंह नाथ योगी उम्र 43 वर्ष निवासी गोंड़पारा डॉ. माया दुबे नर्सिंग होम के पास कुर्मी छात्रावास थाना सिटी कोतवानी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


देवेश दत्त


चन्द्रकांता

**विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

(भाठागाँव स्थित भूमि के संबंध में)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता भू-स्वामी श्रीमती नीरा गुप्ता, पति श्री राजू गुप्ता, निवासी-भाठागाँव, रायपुर वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम भाठागाँव, प.ह.न.- 60, रा.नि.म.- रायपुर- 1, तहसील व जिला- रायपुर, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं.- 105/6 रकबा 0.0290 हे. अर्थात 3150 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया गया है व बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, बीमा, निगम, शासकीय, अर्धशासकीय संस्थान, फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को भी उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त भूमि का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा तथा समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। उपरोक्तानुसार सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. **भवदीय**
दिनांक **सी.पी. निर्मलकर अधिवक्ता**
**पता :- आदर्श नगर, मठपारा, दुर्गा चौक, रायपुर छ.ग.**
**मो.- 9926159079**

### //आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.-42/09 द्वितीय तल, को श्रीमति छिप्रा राहंगडाले पिता श्री सुंदर लाल राहंगडाले, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13.08.2012 को लीज-डीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। मेरा विवाह श्री मनोज बिसेन पिता श्री रजनीश बिसेन के साथ दिनांक 14.04.2012 को होने के कारण मेरा नाम श्रीमति छिप्रा बिसेन पति श्री मनोज बिसेन हो गया गया है। आवेदिका द्वारा शपथ पत्र, एवं विवाह प्रमाण संलग्न कर अभिलेख में दर्ज करने निवेदन किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति छिप्रा बिसेन पति श्री मनोज बिसेन के नाम पर दर्ज करने में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### //आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्थित भवन क्रमांक 236, को श्री मोहम्मद फिरोज पिता श्री सिराज भाटी एवं श्री सुरेश कुसले पिता श्री गणेश राम कुसले के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 27.04.2019 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री मोहम्मद फिरोज पिता श्री सिराज भाटी, निवासीः- वार्ड 09, सदर रोड आरंग थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सुरेश कुसले पिता श्री गणेश राम कुसले, निवासीः- वार्ड 03, कृष्णा नगर, सुपेला जिला दुर्ग (छ.ग.) को हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित भवन क्रमांक 236 के हकत्याग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### आम सूचना

वाके मौजा- भनपुरी, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं.- रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 58/304 शामिल 59, 80, 81, 86/304 रकबा 2375 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता देवेन्द्र कुमार वर्मा पिता इतवारी राम वर्मा निवासी- बिरगांव तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा-भनपुरी, प.ह.नं. 00039, रा.नि. मं.-रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 58/304 शामिल 59, 80, 81, 86/304 रकबा 2375 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर छत्तीसगढ

**श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा (अधिवक्ता)
पता- रायपुर टाईपिंग गली. कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.:- 93006 81760**



# अब तक की सबसे बड़ी धान खरीदी

## किसानों को 34 हजार 348 करोड़ का भुगतान

- खाद्यमंत्री बघेल के विभागों की बजट अनुदान मांगें पारित
- विपक्ष मौजूद नहीं था, सत्तापक्ष के सदस्यों ने रखी बात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने विधानसभा में अपने विभागों की बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में बताया कि राज्य में पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की है। इस खरीफ सीजन में 25 लाख 49 हजार 592 पंजीकृत किसानों से 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है, जो राज्य बनने के बाद से अब तक की सर्वोच्च खरीदी है। धान खरीदी की एवज में इन किसानों को समर्थन मूल्य के तहत 34 हजार 348 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है।

### बजट अनुदान मांगें मंजूर

विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के हंगामे और निलंबन के बाद विपक्षी सदस्यों की गैरमौजूदगी में मंत्री श्री बघेल ने अपनी बात रखी। चर्चा के बाद आज खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बघेल के विभागों से संबंधित 9,362 करोड़ रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गईं। चर्चा में सत्तापक्ष के विधायक अजय चंद्राकर, पुन्नूलाल मोहले, भावना बोहरा, गोमती साय, सुशांत शुक्ला और राजेश मूणत ने हिस्सा लिया।

### 72 घंटे के भीतर किसानों को किया भुगतान

मंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस साल किसानों ने पिछले वर्ष की तुलना में 77 हजार 151 अधिक धान बेचा है। वहीं 4 लाख 32 हजार टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। पिछले साल की तुलना में 28 लाख 76 हजार रकबा का धान किसानों द्वारा बेचा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित 2739 धान खरीदी केंद्रों में किसानों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के द्वारा धान खरीदी की गई। अधिकांश किसानों को धान बेचने के 72 घंटे के भीतर उनके खाते में धान की राशि का भुगतान किया गया। उन्होंने बताया कि धान के अवैध परिवहन तथा समितियों में बोगस विक्रय को रोकने के लिए जांच दल गठित कर निरंतर कार्यवाही की गई। इस दौरान 1317 प्रकरण दर्ज कर 69,251 क्विंटल धान तथा 221 वाहनों को जब्त किया गया।

### 66 प्रतिशत धान का उठाव कस्टम मिलिंग के लिए

मंत्री श्री बघेल ने सदन में कहा कि इस वर्ष रिकार्ड धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के माध्यम से धान के त्वरित निराकरण की कार्यवाही भी की जा रही है। इस खरीफ सीजन में खरीदे गए 149.25 लाख मीट्रिक टन धान में से 98.37 लाख मीट्रिक टन यानी 66 प्रतिशत धान का कस्टम मिलिंग के लिए उठाव हो चुका है।

### कुपोषण से निपटने बस्तर सरगुजा में चना वितरण

मंत्री ने बताया कि सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए बस्तर और सरगुजा के आदिवासी विकासखण्डों के गरीब परिवारों को रियायती दर पर 2 किलो चना प्रदान किया जा रहा था। इसका दायरा बढ़ाकर माढ़ा क्षेत्रों को शामिल किया गया। वर्तमान में 25 लाख से अधिक परिवारों को प्रति माह 5800 मीट्रिक टन चना वितरित किया जा रहा है। इसके लिए बजट में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही अमृत मिशन योजना के तहत अंत्योदय, निराश्रित तथा बीपीएल राशनकार्डधारियों को प्रतिमाह आयोडिनयुक्त नमक प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।




### पौने पांच लाख नए राशनकार्ड जारी

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान 4 लाख 73 हजार नए राशनकार्ड जारी किए गए हैं तथा 6 लाख 13 हजार नए सदस्यों के नाम राशनकार्डों में जोड़े गए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में संचालित 13 हजार 907 उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉस मशीनें स्थापित की जा चुकी हैं। प्रतिमाह औसतन 96 प्रतिशत हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के जरिए राशन सामग्री वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही वन नेशन वन राशनकार्ड व्यवस्था के तहत राशनकार्डधारियों को मनपसंद दुकान चुनने की भी सुविधा प्रदान की गई है। माह जनवरी 2025 में 9 लाख 20 हजार राशनकार्डधारी परिवारों द्वारा अपनी मूल दुकान के बजाय अपनी मनपसंद एवं सुविधा अनुसार अन्य दुकानों से राशन सामग्री का उठाव किया गया।

# विधायक मूणत बोले- भूमाफिया को लाभ पहुंचाने बदला लैंड यूज


## मंत्री ने कहा- पूरे मास्टर प्लान की हो रही जांच

राजधानी रायपुर का मास्टर प्लान-2031 बनाने में कांग्रेस शासन में बरती गई अनियमितता का मामला विधानसभा में जमकर गूंजा। पूर्व मंत्री विधायक राजेश मूणत ने आरोप लगाया कि भूमाफिया को मदद करने पिछली सरकार ने बड़े पैमाने पर लैंड यूज बदला था। इस पर आवास मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, पूरे प्लान की जांच कराई जा रही है। उन्होंने श्री मूणत से कहा, जो-जो गड़बड़ियां और शिकायतें हैं, दे दीजिए, उन्हें भी जांच में शामिल कर कार्रवाई की आएगी।

सोमवार को राजेश मूणत ने प्रश्नकाल में यह मामला उठाया। श्री मूणत ने पूछा कि प्लान 31 को लेकर कितनी शिकायतें मिली हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई? मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि 163 शिकायतें मिली हैं, जिनकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई है। बहुत ज्यादा शिकायतें होने से बहुत विस्तार से गहराई पर जाकर काम करना पड़ रहा है। कमेटी की रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई करेंगे। मूणत ने कहा, मंत्री ने स्वीकार किया है कि प्लान में अनियमितता है। ऐसी कौन-सी कमियां हैं, बताएं। उन्होंने कहा, मास्टर प्लान में लैंड यूज का प्रतिशत कम हुआ है। जांच कर इसे सुधार करेंगे। मंत्री ने बताया कि रायपुर का मास्टर प्लान पहले 16 हजार हेक्टेयर का था। जो अब 35 हजार हेक्टेयर का हो गया है।

### 6 बिंदुओं पर हो रही जांच

मंत्री ने कहा, असंगत भूमि उपयोग, आमोद-प्रमोद भूमि, जलाशय भूमि, मिश्रित भूमि जैसी 6 प्रमुख बिंदुओं पर जांच जारी है। मूणत ने जानना चाहा कि 1081 शिकायतों को खारिज किया गया है। आपस में निराकरण जैसी शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई। मूणत ने लैंड यूज की आवश्यकता पर भी प्रश्न उठाया और कहा, पिछली सरकार ने भूमाफिया के लिए लैंड यूज बदला था। क्या पूरे प्लान पर रोक लगाएंगे। मंत्री ने कहा, वर्ष 2022 में प्रकाशित प्लान पर 1400 आपत्तियां मिली थीं। उसके बाद 1487 शिकायतें मिलीं, इनमें से 352 का निराकरण किया गया। उसके बाद जांच समिति को 129 शिकायतें मिलीं, जिनकी जांच जारी है।





रायपुर शहर के नए मास्टर प्लान की जांच 6 बिंदुओं पर हो रही

### मास्टर प्लान तैयार करने वाले अधिकारी

विधायक मूणत ने यह भी सवाल किया कि रायपुर का मास्टर प्लान तैयार करने में कौन-कौन से अधिकारी शामिल थे। इस पर ओपी चौधरी ने लिखित उत्तर देते हुए बताया कि रायपुर मास्टर प्लान के निर्माण में आईएएस जयप्रकाश मौर्य, संदीप बागड़े, भानुप्रताप सिंह पटेल, कमल सिंह, रोजी सिन्हा, मेघा चवढ़ा समेत 15 अधिकारी शामिल थे।

### सड़कें विलोपित नहीं होंगी : चौधरी

मूणत ने कहा, प्लान में विलोपित सड़कों पर पुनर्विचार करेंगे? मंत्री ने कहा कि प्लान में मध्यक्षेत्र की सड़कें विलोपित की गई थीं। जो अभी नक्शे में हैं और यह जांच के बिंदु में भी हैं। ये सड़कें विलोपित नहीं होंगी। उनकी सूची भी प्रकाशित की जाएगी। मंत्री ने मूणत से कहा कि आपके पास जितनी भी शिकायतें, आपत्ति है दे दें, जांच में शामिल करेंगे।

### आरकेसी के क्षेत्र को कमर्शियल के लिए किया ओपन

मूणत ने आरकेसी क्षेत्र को केवल एजुकेशन हब के लिए आरक्षित रखने की मांग उठाई। कहा, इस क्षेत्र में लैंड यूज बदला गया। यहां पर 240 फीट की सड़क थी, जिसे 140 फीट कर दिया गया है। इसे कर्मशियल यूज के लिए ओपन कर दिया गया है। मंत्री ने कहा, यहां पर मास्टर प्लान की प्रक्रिया का पालन प्रथम दृष्टया दिखाई देता है। यहां की जो सड़कें थीं, उसे 67 मीटर से कम कर 45 मीटर कर दिया गया है। आरकेसी क्षेत्र को अलग नहीं किया आएगा। सबकुछ दे दें, जल्द से जल्द ठीक जांच कर ठीक करेंगे।

### आवासीय इलाकों का व्यावसायिक इस्तेमाल

राजेश मूणत ने मास्टर प्लान से जुड़ी एक और गंभीर शिकायत उठाते हुए कहा कि रायपुर शहर के कई आवासीय इलाकों को बिना किसी उचित प्रक्रिया के व्यावसायिक और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए बदल दिया गया है। मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इस तरह की शिकायतों की भी जांच की जा रही है।

### प्रदेशभर में प्रदर्शन, ईडी का पुतला फूंकेगी कांग्रेस

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी के छापे के विरोध में कांग्रेस द्वारा 11 मार्च को प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा तथा प्रदेश के सभी जिलों में ईडी का पुतला दहन करने की तैयारी है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी की कार्रवाई भाजपा की हताशा को दिखाती है। भाजपा, कांग्रेस और भूपेश बघेल से डरी हुई है। पिछले हफ्ते ही भाजपा और सीबीआई का एक षडयंत्र अदालत में धराशायी हुआ है। भूपेश बघेल के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने का फैसला आया, इन सब घटनाक्रमों से भाजपा बौखला गई है। बौखलाहट में भाजपा ने ईडी को भेजा है। उन्होंने कहा, भाजपा की राजनीति अब जांच एजेंसियों के सहारे चल रही है। ईडी की जांच नहीं है, यह राजनीतिक प्रतिशोध है, जो साफ दिख रहा है। अगर भाजपा यह सोच रही है कि कांग्रेस को डराया या रोका जा सकता है तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है।

**शपथ-पत्र**

मै, शिबा शेख (SHIBA SHEIKH) उम्र-35 वर्ष, पति-जहीर शेख (JAHIR SHEIKH) निवासी-संतोषीनगर, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) की हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं:-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा पुत्र जैद जहीर शेख (ZAID JAHIR SHEIKH) जन्म दिनांक 08/09/2015 को जिला अस्पताल, रायपुर (छ.ग.) में हुआ है एवं जन्म पश्चात मेरे द्वारा मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जिला चिकित्सालय रायपुर से बनवाया गया है जिसका पंजीयन क्रमांक-1749 पंजीयन दिनांक 08/09/2015 है।
3. यह कि, मेरे पुत्र के उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम मोहम्मद जैद, पिता- जाहीर शेख दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम जैद जहीर शेख (ZAID JAHIR SHEIKH) पिता- जहीर शेख (JAHIR SHEIKH) है।
4. यह कि, मैं अपने पुत्र के उपरोक्त जन्म प्रमाण में हुई मेरे पुत्र एवं पति के नाम की त्रुटि को सुधार कर पुत्र का सही नाम जैद जहीर शेख (ZAID JAHIR SHEIKH) पति का सही नाम-जहीर शेख (JAHIR SHEIKH) दर्ज कर जन्म प्रमाण में नाम हिन्दी एवं अंग्रेजी में डिजिटल प्रति बार कोड युक्त प्राप्त करना चाहती हूं इस हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र निष्पादित किया जा रहा है।
5. यह कि, अपने उपरोक्त वर्णित कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित संस्था/विभाग के समक्ष जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत है।

**सत्यापन** शपथकर्ता

मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी बातें मेरी निजी जानकारी में सही है अतः आज दिनांक को रायपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी हूँ। शिबा
दिनांक 28.02.2025 सत्यापनकर्ती

**आम सूचना**
(भाठागाँव स्थित भूमि के संबंध में)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता भू-स्वामी श्रीमती नीरा गुप्ता, पति श्री राजू गुप्ता, निवासी-भाठागाँव, रायपुर वाले से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम भाठागाँव, प.ह.न.- 60, रा.नि.म.- रायपुर- 1, तहसील व जिला- रायपुर, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं.-105/6 रकबा 0.0290 हे. अर्थात 3150 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि प्रदान कर दिया गया है व बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, बीमा, निगम, शासकीय, अर्धशासकीय संस्थान, फर्म, समूह, कंपनी, ट्रस्ट या अन्य किसी को भी उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त भूमि का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा तथा समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। उपरोक्तानुसार सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. भवदीय
दिनांक सी.पी. निर्मलकर अधिवक्ता
पता :- आदर्श नगर, मठपारा, दुर्गा चौक, रायपुर छ.ग.
मो.- 9926159079


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**


**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 04.03.2025

श्री देवेश दत्त वैसवाड़े (तलाकशुदा) आत्मज स्व. आर.के. वैसवाड़े, उम्र 58 वर्ष निवासी श्याम नगर, संतोषी मंदिर के पास पो. रविग्राम, थाना तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. एवं चंद्रकांता (तलाकशुदा) आत्मजा श्री नरसिंह नाथ योगी उम्र 43 वर्ष निवासी गोंड़पारा डॉ. माया दुबे नर्सिंग होम के पास कुर्मी छात्रावास थाना सिटी कोतवानी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 17.04.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


देवेश दत्त


चन्द्रकांता

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.-42/09 द्वितीय तल, को श्रीमति छिप्रा राहंगडाले पिता श्री सुंदर लाल राहंगडाले, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13.08.2012 को लीज-डीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। मेरा विवाह श्री मनोज बिसेन पिता श्री रजनीश बिसेन के साथ दिनांक 14.04.2012 को होने के कारण मेरा नाम श्रीमति छिप्रा बिसेन पति श्री मनोज बिसेन हो गया गया है। आवेदिका द्वारा शपथ पत्र, एवं विवाह प्रमाण संलग्न कर अभिलेख में दर्ज करने निवेदन किया गया है।

अतः उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमति छिप्रा बिसेन पति श्री मनोज बिसेन के नाम पर दर्ज करने में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

# चैंबर चुनाव, 4 वर्ष पुराने सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए सोमवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल उद्योग व्यापार भवन में शाम 5 बजे किया गया। चैंबर चुनाव में प्रदेशभर के 27480 मतदाता अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुनने मतदान कर सकेंगे। 14 अप्रैल से 10 चरणों में होने वाले इस चुनाव में अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल और पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी के व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं, वहीं व्यापारी एकता पैनल ने इस बार सतीश थौरानी को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतारा है। चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षरयुक्त चैंबर चुनाव-2025 की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 मार्च को शाम 5 बजे राजधानी के चैंबर कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, एचएस कर, एसएम रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे। निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा ने बताया कि चैंबर कार्यकारिणी की बैठक 23 जुलाई 2024 में स्वीकृत सदस्यों को मत देने एवं 4 वर्ष पुराने सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता होगी, जिसके अंतर्गत सदस्यता क्रमांक 00001 से 35339 तक के सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता एवं सदस्यता क्रमांक 00001 से 46189 तक के सदस्यों को चुनाव में मत देने की पात्रता होगी। मतदाता चैंबर की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट सीजीचैंबर डॉट ओआरजी पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चैंबर चुनाव में प्रदेश पद-अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए नाम निर्देशन शुल्क 31 हजार रुपए और जिला पद-उपाध्यक्ष एवं मंत्री के लिए 15 हजार रुपए नाम निर्देशन शुल्क निर्धारित किया गया।

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्थित भवन क्रमांक 236, को श्री मोहम्मद फिरोज पिता श्री सिराज भाटी एवं श्री सुरेश कुसले पिता श्री गणेश राम कुसले के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 27.04.2019 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री मोहम्मद फिरोज पिता श्री सिराज भाटी, निवासीः- वार्ड 09, सदर रोड आरंग थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री सुरेश कुसले पिता श्री गणेश राम कुसले, निवासीः- वार्ड 03, कृष्णा नगर, सुपेला जिला दुर्ग (छ.ग.) को हकत्याग करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित भवन क्रमांक 236 के हकत्याग के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**आम सूचना**

वाके मौजा- भनपुरी, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं.- रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 58/304 शामिल 59, 80, 81, 86/304 रकबा 2375 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता देवेन्द्र कुमार वर्मा पिता इतवारी राम वर्मा निवासी- बिरगांव तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा- भनपुरी, प.ह.नं. 00039, रा.नि. मं.-रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 58/304 शामिल 59, 80, 81, 86/304 रकबा 2375 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा। सो सूचना जानें।

रायपुर छत्तीसगढ

श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा (अधिवक्ता)
पता- रायपुर टाईपिंग गली. कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.:- 93006 81760



### अधिकारियों को आरटीआई अधिनियम की बारीकियां समझाने प्रशिक्षण जारी

रायपुर। जनसूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आने वाले आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण हो। इसके लिए अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) एवं छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा द्वारा कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में 16 जिलों के जनसूचना अधिकारियों और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर सोमवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की विस्तृत जानकारी देना और उन्हें अपने जिले में मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित करना है, ताकि वे अन्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित कर सकें।

# आरएसएस का 21 से महामंथन, राज्यों के भाजपा संगठन पर भी होगा मंथन

## शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों पर भी होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिनिधि सभा 21 से 23 मार्च तक होने वाली है। इस सभा में कई बड़े फैसले होंगे। जहां भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्रियों पर मंथन होगा, वहीं भाजपा के राज्यों के संघों में संगठन महामंत्रियों के साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को लेकर भी चर्चा होगी। कई राज्यों में आरएसएस से जुड़े संगठन महामंत्रियों को बदलने परभी चर्चा होगी। सभा में शामिल होने के लिए आरएसएस के प्रदेश के पदाधिकारी भी जाएंगे। इस सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी शामिल होंगे। सभा में आरएसएस के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी योजना तैयार होगी।

आरएसएस से भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के साथ ही राज्यों के संगठनों में भी आरएसएस से जुड़े स्वयंसेवकों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इस समय राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश हैं। एक और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री रहे सौदान सिंह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बन गए हैं। संभावना जताई जा रही है कि आरएसएस की राष्ट्रीय सभा में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के लिए सह संगठन महामंत्री भी तय किए जा सकते हैं।

### संगठन महामंत्रियों पर होगा मंथन

जानकारों का कहना है कि आरएसएस की सभा में इस समय भाजपा के राज्यों के संगठन में जो भी संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री हैं, उसको लेकर भी बड़ा मंथन होगा। कई राज्यों के राज्य संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्रियों को बदलने पर मंथन होगा। छत्तीसगढ़ में इस समय जहां क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल हैं, वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय हैं। किस राज्य में किनको संगठन महामंत्री और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री बनाया जाएगा, इसका बड़ा फैसला हो सकता है। कुछ राज्यों के संगठन महामंत्रियों को दूसरे राज्यों में भेजा जा सकता है। कुछ राज्यों में नए संगठन महामंत्री भी बनाए जा सकते हैं।

# प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी गठन और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दिल्ली दौरे के दौरान एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी महासचिव सचिन पायलट से औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पर चर्चा की।

पार्टी आलाकमान ने कार्यकारिणी गठन पर सहमति दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि जल्द ही श्री बैज अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात कर कांग्रेस भवन निर्माण के संबंध में ईडी की कार्रवाई, कथित जासूसी और नगरीय निकाय चुनाव की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। राज्य की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं पीसीसी अध्यक्ष के राजधानी स्थित सरकारी आवास के बाहर पुलिस द्वारा की जाने वाली जासूसी की घटना की भी जानकारी दी। माना जा रहा है कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। आलाकमान ने उनकी बातें सुनीं, उसके आधार पर आने वाले दिनों में कार्यकारिणी में नई नियुक्ति की सूची जारी होगी।



### संगठन में नियुक्तियां जल्द

बताया गया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इस दौरान संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों पर भी चर्चा की। प्रदेश प्रभारी द्वारा श्री बैज को सूची जल्द जारी किए जाने का भरोसा दिलाया गया है। सूची में तीन दर्जन से अधिक जिलाध्यक्षों समेत अन्य प्रदाधिकारियों की नियुक्ति की जानी है। अब जल्द ही इसकी सूची जारी किए जाने की संभावना है।

### संगठन के लिए मजबूती की बनेगी रूपरेखा

प्रदेश संगठन में गुटबाजी को लेकर राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा के बाद अब यहां पर संगठन को मजबूत करने कार्यक्रम तैयार करने कहा गया है। पीसीसी अध्यक्ष के साथ ही नेताओं के बीच आपसी समन्वय बनाने पूरे प्रदेश के लिए भविष्य की योजनाओं से अवगत कराएंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## निधन

### शकुन सिंह ठाकुर



रायपुर। पुरानी बस्ती दंतेश्वरी मंदिर चौक निवासी शकुन सिंह ठाकुर का 10 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे मेडिकल कॉलेज के सेवानिवृत लेखपाल बलवंत सिंह ठाकुर की पत्नी तथा दुर्गेश सिंह ठाकुर की माता थीं। उनके निधन पर कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### प्राची बांठिया



रायपुर। सिविल लाइंस निवासी प्राची (ललिता) बांठिया का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को सुबह 11 बजे निवास स्थल से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे प्रतीक बांठिया की पत्नी थीं।

### शंकरलाल देवांगन



रायपुर। आरएमएस कॉलोनी टैगोर नगर निवासी, रेलवे मेल सर्विस से सेवानिवृत्त शंकरलाल देवांगन का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 मार्च को सुबह 9 बजे कमल विहार से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अनुसुईया देवांगन के पति, गिरीश व शीतल देवांगन के पिता थे।

### दुकलहा साहू



रायपुर। नंदी चौक टिकरापारा निवासी दुकलहा साहू (83) का 10 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरजूबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदू, चंदू साहू के पिता थे।

### दयालु राम साहू



रायपुर। नाका चौक भाठागांव निवासी दयालु राम साहू (68) का 10 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे हटयारिन बाई साहू के पति और कृष्ण कुमार साहू के पिता थे।

### के. पेन्नम्मा



रायपुर। एलआईजी 24 तिलक नगर निवासी के. पेन्नम्मा (89) का 9 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 मार्च को सुबह 10.30 बजे हीरापुर जरवाय कब्रिस्तान रायपुर में किया जाएगा। वे एबी कोशी, रेजू कोशी, रोसम्मा जोसफ, जूली की माताजी थीं।

### लालचंद रामानी



रायपुर। आदर्श नगर मोवा निवासी लालचंद रामानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे किशन, गोपी रामानी के भाई एवं रविंद्र रामानी के पिता थे।

# बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षक धरनास्थल पर ही मनाएंगे होली, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- समायोजन की मांग को लेकर तूता धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर सोमवार को प्रदर्शन किया। धरने में महिला सहायक शिक्षकों के साथ उनके बच्चे और परिवार के सदस्य भी शामिल हैं। उनका कहना है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे अनिश्चितकालीन धरना देकर आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस बार वे यहीं धरनास्थल पर होली त्योहार मनाएंगे। इधर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के बैनर तले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने धरना देकर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

**प्रदेशभर से 2897 सहायक शिक्षक प्रभावित परिवार के साथ दे रहे धरना**



छत्तीसगढ़ के 2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा मांग करते धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों का कहना है, उनके सामने आजीविका का संकट उठ खड़ा हुआ है। नौकरी छीननी ही थी तो पहले क्यों दी? बिना समस्या का समाधान किए नौकरी से निकालने का आदेश तत्काल रोका जाए।

धरने पर बैठे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने कहा, उनके साथ गलत हो रहा है। सरकार ने हड़बड़ी में कमेटी तो बना दी, लेकिन कमेटी की अभी तक केवल एक बार बैठक हुई है। अब तक कमेटी की समयसीमा तय नहीं की गई। कमेटी फैसला सुनाने में सुस्ती दिखाई जा रही है। विदित हो, बीएड सहायक शिक्षक नगरीय निकाय चुनाव से पहले 45 दिनों तक अपने लंबित मांग को लेकर आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन आचार संहिता के चलते उन्हें अपना आंदोलन स्थगित करना पड़ा था।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं का प्रदर्शन



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने फेस कैप्चर, ऑनलाइन उपस्थिति, और पारदर्शिता के नाम पर ऑनलाइन पेमेंट कटौती का विरोध किया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हेमा भारती ने कहा, सरकार की इस योजना का हम विरोध करते हैं। फेस कैप्चर आंगनबाड़ी में ही क्यों लागू किया जा रहा है। इसी तरह फोटो कैप्चर कार्य वर्तमान में इसलिए संभव नहीं है, क्योंकि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को समुचित संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। जैसे 5जी मोबाइल, सभी केंद्रों और गांवों में पर्याप्त नेट सुविधा, मोबाइल रीचार्ज और हितग्राहियों को ओटीपी देने के लिए सुपरवाइजर और परियोजना अधिकारी द्वारा मोटिवेट नहीं किया गया है, जिसके कारण कई व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं। सभा को सरिता पाठक, रुक्मिणी साहू, लक्ष्मी कोसले, दुर्गा यादव ने भी संबोधित किया।

# रेत भरी गाड़ियां पंचर, फिर भी नहीं पकड़ पाए अफसर

**खनिज विभाग के अफसर बेपरवाह, न ओवरलोडिंग की जांच, न रॉयल्टी पर्ची की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में रेत माफिया फिर जमकर अवैध उत्खनन और परिवहन करा रहे हैं। अभनपुर इलाके के दुलना घाट पर रेत का जमकर उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। रेत भी पानी के अंदर से निकाली जा रही है, जिसके कारण नदी में जहां कटाव की स्थिति बन रही है।

इस घाट से रेत का लगातार उत्खनन और परिवहन की जानकारी विभागीय अधिकारियों को है। इसके बाद भी इस पर रोक नहीं लगाई जा रही है। इसका ताजा उदाहरण रविवार को ग्राम गिलौरा के पास आंबेडकर चौक मेन रोड पर देखा गया। रेत से भरे दो ट्रक पंचर होने के कारण वहां खड़े थे। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारी को तत्काल फोन पर दी गई। इसके बाद भी इन ट्रकों को पकड़ा नहीं गया। हालांकि इस मामले में अधिकारी का कहना है कि टीम को मौके पर भेजा गया था, लेकिन टीम के वहां पहुंचने से पहले ही दोनों ट्रक के चालक पंचर बनाने के बाद वहां से रवाना हो चुके थे, जिसके कारण उन्हें पकड़ा नहीं जा सका।

### अहिवारा-दुर्ग जा रही थीं दोनों गाड़ियां

दुलना घाट पर रेत घाट के संचालन के लिए विभाग द्वारा अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद भी इस घाट से हर दिन 100 से अधिक हाईवा रेत का उत्खनन कर परिवहन कराया जा रहा है। आंबेडकर चौक पर रेत से भरे जो दो ट्रक पंचर होने के कारण वहां खड़े थे, उन दोनों के चालकों ने बताया कि वे दुलना घाट से रेत लोडिंग कराकर अहिवारा दुर्ग ले जा रहे हैं। सूचना पर विभाग की टीम मौके पर पहुंची भी थी लेकिन गाड़ियों को पकड़ा नहीं जा सका।






### मौके पर नहीं मिलीं गाड़ियां

सूचना मिली थी कि आंबेडकर चौक मार्ग अभनपुर के पास दो हाईवा गाड़ियां में अवैध रूप से रेत का परिवहन कर ले जाया जा रहा है। दोनों गाड़ियां मौके पर पंचर हालत में खड़ी हैं। सूचना पर टीम को भेजा गया, लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां वहां से जा चुकी थीं, इसलिए गाड़ियों को पकड़ा नहीं जा सका। *- केके गोलघाटे, उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर*

### हर आधे घंटे में आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां गुजर रहीं

अभनपुर से अहिवारा दुर्ग के लिए हर आधे घंटे के दौरान आधा दर्जन से अधिक रेत से भरी गाड़ियां आंबेडकर चौक मार्ग से गुजरती हैं। इसके बाद भी विभाग द्वारा इन ट्रकों की जांच तक नहीं की जाती है। रॉयल्टी पर्ची कटी है या नहीं, किस घाट से रेत की लोडिंग हुई है।ट्रक में कितनी मात्रा में रेत लोड है, कहीं ओवरलोड तो नहीं। इसकी जांच तक नहीं की जा रही है, जिसका फायदा रेत माफिया उठा रहे हैं।

### घाट का निरीक्षण करने नहीं पहुंची टीम

विभाग के अधिकारी का कहना है कि सूचना मिलने पर टीम को मौके पर भेजा गया था, पर जब दोनों गाड़ियां वहां नहीं मिलीं तो टीम वापस लौट आई। विभाग की यह कार्यवाही भी विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करती है, क्योंकि टीम सूचना मिलने के बाद भी दुलना घाट का निरीक्षण किए बगैर लौट आई, जबकि दोनों ट्रक उसी घाट से रेत लेकर जा रहे थे।

### ओवरलोड एवं बिना नंबर की मिली गाड़ी

पंचर हालत में आंबेडकर चौक के पास रेत से भरी दोनों गाड़ियों में क्षमता से अधिक रेत भरी गई थी, वहीं पानी सहित रेत का उत्खनन कर ट्रकों में लोड किया गया था। इस कारण इन दोनों ट्रकों में लोड रेत से पानी भी स्पीड से सड़क पर गिर रहा था। ट्रकों में लोड रेत को कपड़े से ढंका भी नहीं गया था।

## पेज 09 के शेष ...

### पांचवी-आठवीं के मुफ्त...

चाहिए थे, उन्हें निजी प्रकाशक बाजार में बेच रहे हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने 31 जनवरी को 5वीं-8वीं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही मॉडल प्रश्नपत्र भी जारी किए थे। सवालों के उत्तर भी साथ ही दिए गए थे। ब्लू प्रिंट भी इसमें अटैच था। विद्यालयों को ये पीडीएफ फॉर्मेट में भेजा गया।

विद्यालय स्तर पर इसे छात्रों को या तो प्रिंटआउट निकालकर वितरित किया जाना था अथवा उन्हें ब्लैकबोर्ड की मदद लेते हुए नोट करवाया जाना था। ये दोनों ही कार्य निजी विद्यालय नहीं कर सके। दूसरी ओर निजी प्रकाशकों ने इस प्रश्नबैंक को कुंजी की शक्ल देते हुए मार्केट में उतार दिया। इसमें भी रोचक बात यह है कि निजी प्रकाशक इन किताबों को स्कूल कैंपस में ही आकर बेच रहे हैं।

### 60 से 100 रुपए...

रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। कुंजी और सहायक पुस्तिकाएं प्रकाशित करने वाले अधिकतर निजी प्रकाशकों ने यह प्रश्नबैंक बाजार में उतारा है। जबकि जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा पूर्व में ही छात्रों को ब्लू प्रिंट के माध्यम से तैयारी कराए जाने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### निजी प्रकाशकों का...

हैं। निजी प्रकाशकों ने अपनी किताब में दावा करते हुए कव्हर पृष्ठ पर लिखा है कि ये लोक शिक्षण संचालनाय द्वारा जारी किए गए ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयार किए गए हैं।

### होली पर तीन दिन...

की शराब खपत होने का अनुमान है। **देशी की अपेक्षा विदेशी मदिरा की मांग ज्यादा** : आबकारी विभाग के अफसरों के अनुसार, चार सौ करोड़ रुपए के करीब प्रीमियम से लेकर हाई रेंज की विदेशी मदिरा का स्टाक है। इसके साथ ही सौ से सवा सौ करोड़ रुपए के बीच देशी शराब का स्टाक है। इस लिहाज से होली के साथ सामान्य दिनों में देशी की अपेक्षा विदेशी शराब की मांग ज्यादा है।

### गैंगस्टर अमन साहू को...

में रायपुर पुलिस ने अमन साहू को गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने पुलिस ने 12 अक्टूबर को प्रोटेक्शन वारंट पर झारखंड गिरिडीह जेल से गिरफ्तार रायपुर लाई थी। तब से अमन रायपुर सेंट्रल जेल में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। पुलिस ने तेलीबांधा शूटआउट मामले में अब तक अमन सहित एक दर्जन से ज्यादा अंतर्राज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अमन पर आरोप है कि वह गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के लिए भी काम करता है। अमन के गैंग ने रायपुर के कारोबारी ग्रुप से फिरौती की मांग की थी। फिरौती नहीं देने पर अमन के गुर्गों ने शूटआउट की घटना को अंजाम दिया था।

### डीएमएफ फंड घोटाला...

जाने के बाद ईओडब्ल्यू ने सौम्या, सूर्यकांत, रानू, मनोज, माया से नए सिरे से पूछताछ करने कोर्ट में रिमांड मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने डीएमएफ फंड घोटाला से जुड़े नेटवर्क के बारे में पांचों आरोपियों से पूछताछ की है। साथ ही डीएमएफ से प्राप्त गड़बड़ी की राशि किन लोगों में बांटी गई। इस संबंध में जांच एजेंसी ने पांचों से विस्तार से पूछताछ की है। रजनीकांत तिवारी की डायरी में डीएमएफ का काम दिलाने सूर्यकांत तथा सौम्या की भूमिका का उल्लेख होने पर ईओडब्ल्यू ने दोनों को आरोपी बनाया है।

### पहली बार कुलपति चयन...

करते हुए आवेदन मांगे गए थे। इसके महज 4 दिनों बाद राजभवन ने इसे निरस्त भी कर दिया। दिनांक 25 फरवरी को जारी हुए पत्र के अनुसार, राजभवन ने पत्रकारिता विवि में कुलपति चयन के लिए जारी विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त करने की बात कही है। विज्ञापन क्यों निरस्त किए गए हैं, दोबारा विज्ञापन कब जारी किए जाएंगे तथा जो इन चार दिनों के दौरान आवेदन कर चुके हैं उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता होगी अथवा नहीं, इसे लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं है। जानकारों के मुताबिक, प्रदेश में संभवतः यह पहला मामला है जब कुलपति चयन के लिए निकाला गया विज्ञापन ही निरस्त कर दिया गया है।



# डीजे को लेकर भिड़ गए कुलसचिव और छात्र, होली के बीच पहुंची पुलिस, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। एबीवीपी द्वारा आयोजित होली मिलन के मध्य में डीजे बंद किए जाने के कारण विद्यार्थी होली खेलना छोड़कर धरने पर बैठ गए। जब डीजे पुनः चालू कराया गया, तब विद्यार्थी धरना छोड़कर पुनः रंग खेलने लगे। इन सबके बीच एनएसयूआई ने शैक्षणिक संस्थान में डीजे प्रयोग पर आपत्ति दर्ज कराई है।

सोमवार को विवि गार्डन में एबीवीपी द्वारा होली मिलन समारोह 'रंग तरंग' का आयोजन किया गया। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी चलाया गया। रविवि के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल ने साउंड सिस्टम बंद कराने के लिए लिखित में थाना प्रभारी को पत्र दिया। इसके बाद रविवि कैंपस में पुलिस आई और डीजे बंद करवाया। डीजे के बंद होते ही छात्र आक्रोशित हो गए। वे प्रशासनिक भवन के सामने धरने में बैठ गए। बहस और छात्रों के विरोध के बाद डीजे चालू करने की अनुमति मिल गई। घंटेभर चले विवाद के बाद मिलन समारोह पुनः शुरू हुआ।

**एबीवीपी द्वारा रखा गया था आयोजन, सोमवार दोपहर होता रहा हंगामा**



### बाहर के भी छात्र

मुख्य अतिथि एबीवीपी के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा व महानगर मंत्री प्रथम फूटाने रहे। उन्होंने कहा, एबीवीपी आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। वहीं एनएसयूआई का कहना है, इस आयोजन में विवि अध्ययनशाला के अलावा दूसरे कॉलेज के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। एबीवीपी के बाहरी कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी इसमें शामिल हुए, जो नियम विरुद्ध है। इस तरह की अनुचित उपस्थिति सुरक्षा दृष्टि से भी गंभीर विषय है।

### पूर्व में की जा चुकी है शिकायत

उधर एनएसयूआई ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा, एबीवीपी का मिलन समारोह प्रशासनिक नियमों की अवहेलना है। हमने 7 मार्च को ही कुलपति को लिखित रूप से सूचना दी थी और विरोध दर्ज कराया था। विवि परिसर में किसी भी राजनीतिक संगठन द्वारा इस प्रकार के आयोजन प्रतिबंधित है। कुलपति ने इस पर आदेश जारी कर किसी भी छात्र संगठन को ऐसे आयोजन की अनुमति देने से इनकार किया था। बावजूद इसके, सत्ता पक्ष के दबाव में आकर विवि ने अपने आदेश में संशोधन कर एबीवीपी को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दिया, जो पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है।

## खबर संक्षेप



### राम मंदिर परिसर में आज मनाएंगे श्याम महोत्सव

**रायपुर।** सफायर ग्रीन फेज-1 एक्सटेंशन में स्थित राम मंदिर परिसर में समस्त सफायर परिवार द्वारा 11 मार्च को श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शाम 4 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो कि शिव मंदिर एम्पीरिया से प्रारंभ होकर श्याम बाबा की झांकी और नाच-गाने के साथ राम मंदिर परिसर में सजे भव्य श्याम बाबा के दरबार तक जाएगी। इसके बाद शाम 7.30 बजे से भजन संध्या प्रारंभ होगी। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कोलकाता से आए राधाकृष्ण के जोड़े के संग फूलों और चंदन की होली होगी, श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार होगा, छप्पन भोग लगेगा, भक्तों द्वारा सवामणि का प्रसाद लगेगा।

### पुराना राजेंद्र नगर में किया हर्बल गुलाल का वितरण



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा पुराना राजेंद्र नगर और डीडीयू नगर में सोमवार को हर्बल गुलाल वितरित किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, हम हर्बल गुलाल वितरण कर रहे हैं, जैसे ही बच्चे गुलाल लिए, सबके चेहरे खिल उठे, जिससे खुशनुमा माहौल हो गया। सभी वर्ग होली खुशी से और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाए, आपसी मतभेद भूलकर होली खेले। इसी दौरान पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, डॉ. एनडी गजवानी अन्य उपस्थित थे।

### अंतिम संस्कार के लिए दी सहयोग राशि

**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी पीतांबर ध्रुव का 9 मार्च को निधन हो गया। मृतक कर्मचारी के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा कुल 34500 रुपए की राशि एकत्रित कर उनके गृहग्राम ढोढरा जाकर अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई। विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विभाग के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनके निधन के बाद सोमवार को कार्यालय में विभाग के कर्मचारियों द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

## टीबी के साथ कुष्ठ और शारीरिक समस्या से पीड़ितों की पहचान के लिए सौ दिन का सर्वे

# 87 दिनों में 3 लाख की स्क्रीनिंग, 41 हजार की जांच, दो हजार टीबी के संदिग्ध मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सौ दिन के निक्षय निरामय अभियान के 87 दिनां में रायपुर जिले में 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। हाईरिस्क श्रेणी में आने पर ट्रूनॉट और एक्सरे के माध्यम से जांच करने पर 2 हजार लोगों को टीबी संदिग्ध पाया गया है। आवश्यकता के मुताबिक उनके उपचार की व्यवस्था की गई है। टीबी के साथ कुष्ठ और शारीरिक समस्या की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 दिसंबर से सौ दिन का अभियान चला रहा है, जिसमें 35 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

राज्य से जुड़े अधिकारियों का दावा है जिला स्तर पर आने वाले आंकड़ों के आधार पर 23 मार्च के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस आधार पर यह तय होगा कि टीबी और कुष्ठ पीड़ित कितने लोगों की पहचान हो पाई और कितने सीनियर सिटीजन को आवश्यकता के मुताबिक उनकी जरूरतों के सामान उपलब्ध कराए गए। रायपुर जिले में इस अभियान के तहत अब तक 3 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। इसमें लक्षण अथवा क्लोज कांटेक्ट आधार पर हाईरिस्क में आने वाले 11 हजार लोगों की ट्रूनॉट मशीन से जांच की गई है और 618 लोगों में टीबी के संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है, कुछ रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। इसके अलावा 30 हजार लोगों की विभिन्न तरीकों से एक्सरे पूरा किया जा चुका है, जिसमें करीब 15 सौ लोगों की स्वाब जांच ट्रूनॉट जांच के लिए भेजी गई हैं। इसी तरह काफी संख्या लेप्रोसी के संदिग्ध सामने आए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर सामने आए कई सीनियर सिटीजन को वॉकर, हियरिंग मशीन सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई है। अधिकारियों द्वारा अभियान के बाकी बचे दिनों में तमाम आंकड़ों में वृद्धि हो सकती है। प्रदेश में अभियान के तहत अब तक 35 लाख से ज्यादा की स्क्रीनिंग की गई है और हाईरिस्क ग्रुप में मरीजों की जांच के लिए प्रक्रिया जारी है।

हरिभूमि सरोकार

**पुराने मरीजों के साथ क्लोज कांटेक्ट और हाईरिस्क वाले 35 लाख की स्क्रीनिंग**



### इन्हें रखा गया जांच के दायरे में

अभियान के तहत हाईरिस्क श्रेणी में शारीरिक समस्या से जूझ रहे सीनियर सिटीजन के साथ बीपी-शुगर पीड़ित, स्मोकर और एल्कोहलिक तथा पूर्व में गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को शामिल किया गया है। इनकी स्क्रीनिंग के लिए मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर निर्धारित प्रोफार्मा के आधार पर जानकारी लेने का टास्क दिया गया था। स्क्रीनिंग में जो लक्षण अथवा अन्य तरह के संदेह के दायरे में आए, उनकी जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न तरीकों से की गई है।

### जशपुर, बालोद टॉपर, सरगुजा जीरो

निक्षय निरामय अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्क्रीनिंग के लिए दिए गए लक्ष्य को सौ फीसदी जशपुर और बालोद जिले ने पूरा किया है। इसके अलावा सरगुजा में स्क्रीनिंग का काम शुरू नहीं हो पाया है, कोंडागांव और सारंगढ़ का आंकड़ा भी काफी पीछे है। रायपुर समेत 19 जिलों में टार्गेट की 95 से लेकर 103 फीसदी स्क्रीनिंग करने में सफलता पाई है। वहीं नौ जिलों ने 82 से 94 प्रतिशत तक स्क्रीनिंग कर संतोषजनक परफार्मेंस दिया है। राज्य में कुल 40 लाख 48 हजार 985 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया था, इसमें 35 लाख 1456 यानी 912 फीसदी लोगों तक स्वास्थ्य अमला पहुंच पाया।



### पुष्टि होने पर उपचार की व्यवस्था

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि अभियान का मुख्य फोकस टीबी और कुष्ठ के मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार सुविधा उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत स्वास्थ्य अमले द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में स्क्रीनिंग के साथ हाईरिस्क वालों की जांच अन्य तरीकों से की जा रही है।


# सहमति बगैर भूमि अधिग्रहण बना दी सड़क, अब मुआवजे के लिए भटक रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारत माला परियोजना घोटाले में एक और नया खुलासा हुआ है। इस परियोजना में एक ओर जहां कई किसानों की एक खसरा नंबर की भूमि को कई टुकड़ों में विभाजित कर किसानों के नाम पर चढ़ाकर उन्हें करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर कुछेक ऐसे भी किसान हैं, जिनकी जमीन बगैर उनकी सहमति के अधिग्रहित कर ली गई है।

यह मामला ग्राम टोकरो का है। किसान की यह जमीन भारत सरकार के राजपत्र सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी होने के पहले से उसके नाम पर दर्ज है। हरिभूमि से बातचीत करते हुए किसान ने कहा कि वह मुआवजे की पात्रता रखता है, क्योंकि उसकी जमीन भी इस प्रोजेक्ट में शामिल कर वहां सड़क बना दी गई है, जबकि अधिग्रहण एवं मुआवजा राशि की सूची में उसका नाम ही नहीं है। मुआवजा राशि के लिए अब वह लगातार तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहा है। उसका यह भी कहना है कि इस प्रोजेक्ट में हुए घोटाले का खुलासा होने के बाद उम्मीद की नई किरण जागी है। अगर इसके बाद भी उसे मुआवजा नहीं मिला तो वह हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेगा।



■ भारत माला परियोजना घोटाले में एक और खुलासा

### नक्शे में नहीं थी शामिल, सड़क बनी तो 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित कर ली

किसान ओमप्रकाश साहू ने बताया कि भारत माला परियोजना के नक्शे में उसकी जमीन नहीं थी, लेकिन जब सड़क बनाने का काम शुरू हुआ तो उसकी जमीन के 54 वर्गफुट भाग को अधिग्रहित कर लिया गया। इसकी उसकी जानकारी तक नहीं दी गई। किसान ने बताया कि इसकी जानकारी होने पर तहसील कार्यालय में अधिग्रहित की गई जमीन के बदले मुआवजे की मांग को लेकर आवेदन किया था। इस आवेदन पर एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने जांच की थी, जिसमें उसकी 54 वर्गफुट जमीन अधिग्रहित होना पाया गया था। इस जांच के बाद एसडीएम कार्यालय से परियोजना निदेशक धमतरी को पत्र भी लिखा गया था, जिसमें कहा गया था कि ओमप्रकाश की जमीन प्रस्तावित नहीं है, इसलिए उस पर निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। ऐसा करने पर अगर किसान किसी प्रकार निर्माण कार्य में रुकावट या व्यवधान उत्पन्न करता है तो इसके लिए परियोजना विभाग जवाबदार होगा। एसडीएम के इस आवेदन के बाद भी किसान की निजी भूमि पर सड़क का निर्माण कर दिया गया है।

# विंटर से बंद रायपुर-जगदलपुर फ्लाइट समर शेड्यूल में भी वापस नहीं लौटेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

विंटर शेड्यूल में स्थगित हुई रायपुर-जगदलपुर की इंडिगो की सीधी विमान सेवा की वापसी होने की संभावना नहीं दिख रही है। दोनों सेक्टर के बीच यात्रियों की संख्या बेहद कम होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन स्थगित किया गया था। इसके पूर्व एक अन्य विमानन कंपनी ने इसे घाटे का सौदा मानते हुए संचालन से अपना हाथ खींच लिया था। क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत राज्य के भीतर विमानों के उड़ान भरने के लिए यात्रियों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती है। दो शहरों को आपस में जोड़ने के लिए रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जगदलपुर विमानतल तक पहली बार विमान सेवा का संचालन शुरू किया गया था, मगर दोनों शहरों के बीच स्थायी रूप से हवाई कनेक्टिविटी अब तक नहीं बन पाई है। सबसे पहले एयर ओडिशा ने विमान के संचालन से अपना हाथ खींचा था। इसके बाद अलायंस एयर ने अपनी छोटी फ्लाइट का संचालन शुरू किया और कुछ समय बाद रायपुर से सबसे ज्यादा विमानों का संचालन करने वाली इंडिगो ने सप्ताह में अलग-अलग दिनों में रायपुर-जगदलपुर के बीच विमान की शुरुआत की थी।

■ यात्रियों की कमी के कारण स्थगित हुई थी उड़ान



**सामान्य दिनों में भी 53 हजार यात्री :** ट्रेनों की अनियमित चाल की वजह से छत्तीसगढ़ में हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ चुकी है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अब हर सप्ताह पचास हजार से ज्यादा यात्री आवाजाही करते हैं। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाओं का दौर चल रहा है और सामान्य मौसम होने के बाद पिछले सप्ताह यहां से 53 हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है। प्रतिदिन रायपुर में चार हजार यात्री आ रहे हैं और उतने ही दूसरे शहरों के लिए रवाना हो रहे हैं।

# राजधानी में जलसंकट के आसार, महापौर ने तीन दिन के भीतर अधिकारियों से मांगी कार्ययोजना

■ 20 से 22 स्थानों पर मेन राइजिंग लाइन से कनेक्शन, 3 दिन के भीतर सूची मांगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के एक बड़े इलाके में अभी से जलसंकट गहराने लगा है। निगम ने संकटग्रस्त इलाकों की पूरी सूची सोमवार को जारी की है। महापौर मीनल चौबे ने जल विभाग के अधिकारियों से 3 दिन के भीतर जलसंकट से निपटने कार्ययोजना बनाकर देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जल विभाग के कार्यपालन अभियंता से शहर के 20 से 22 ऐसे स्थानों की सूची 3 दिन के अंदर देने के लिए कहा है, जहां सीधे राइजिंग लाइन से कनेक्शन ले लिए गए। इन कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही जल्द करने की हिदायत दी गई।

गांधी सदन में सोमवार को गर्मी के सीजन में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों को लेकर लेकर महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त विश्वदीप की मौजूदगी में अधिकारियों की बैठक ली। यह बैठक 2 घंटे तक चली।



### जलसंकट के संभावित क्षेत्र

बैठक में अधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप को बताया, जोन-9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में द्वारिका विहार गली नंबर 1, दलदल सिवनी बीएसयूपी, बैरागी बीएसयूपी, टेकारी पीएमएवाय, साजनदास बीएसयूपी, कचना हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक 1-25, कचना बीएसयूपी, खम्हारडीह क्षेत्र, श्रीराम नगर सेल्स टैक्स कालोनी, भावना नगर, सरहद फेज-2 हाउसिंग बोर्ड, ब्रह्मदेव नगर, सूरज नगर, बीएसयूपी संकल्प सोसायटी फेज 1, 2, जोन-4 पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड में अर्जुन चौक यादव मोहल्ला, ब्राह्मणपारा वार्ड में धोबी गली, सोहागा मंदिर के पीछे का क्षेत्र, स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड में तेलीपारा, नयापारा, बूढ़ापारा के विभिन्न स्थान पेयजल के संभावित संकटग्रस्त स्थानों में शामिल हैं।

### यहां भी बढ़ सकती है पानी की किल्लत

इसी तरह मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में धोबी गली, बांसटाल, बैजनाथ पारा, सिविल लाइन वार्ड में आकाशवाणी के पास उत्कल बस्ती, जोगी नगर, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ चौक से नेताजी चौक तक, पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड में पंजाबी कॉलोनी, डॉ. बिपिन बिहारी सूर वार्ड में कुम्हारपारा, आदर्श नगर, शहीद पंकज विक्रम वार्ड में टैगोर नगर क्षेत्र, छत्तीसगढ़ नगर, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड में संतोषीनगर, कैलाशपति गार्डन के आसपास का क्षेत्र, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड में बृजनगर, शहीद राजीव पांडे वार्ड में संजय नगर, आरडीए प्लाट क्षेत्र इंदिरा नगर क्षेत्र, महामाया मंदिर वार्ड में परशुराम नगर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 2 क्षेत्र, वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में राधाकृष्ण मंदिर के पास, जीपी रोड नंबर 14 के पास, इंदिरा नगर मंदिर गली, जीपी रोड के आगे प्रेमनगर, आदर्श कालोनी, उड़िया बस्ती, वाल्मीकि नगर, रमण मंदिर वार्ड में साहू भवन, पंजाबी बाड़ा, दानवीर भामाशाह वार्ड में गोसाई बाड़ा, सिंधी बाड़ा, तुलसी नगर, सतनामी पारा, मिनी माता चौक, यतियतन लाल वार्ड में बुनियाद नगर, सतनामी पारा आदि क्षेत्रों को पूर्व वर्ष के अनुभव अनुसार पेयजल संकट प्रभावित संभावित स्थानों की सूची में शामिल किया गया है।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का आयोजन



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर राज्यभर से लगभग 100 महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पत्नी डॉ. अदिति पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा और सीआरजीबी के अध्यक्ष की पत्नी नीरू अरोड़ा ने भाग लिया। इन प्रमुख महिलाओं ने बैंक में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया। राजनांदगांव की बैंक सखी दिव्या निषाद को उनके आत्म-सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जिनकी मेहनत के कारण उन्हें गणतंत्र दिवस 2025 पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा कार्यालय सहायक श्रीबती यादव को उनकी समझ और हिम्मत के लिए सम्मानित किया गया।

### ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने वर्षगांठ पर मनाया सफलता का जश्न



**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के एक वर्ष पूरे होने पर भव्य समारोह का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने खुद को अस्पताल का पूर्व मरीज बताते हुए अपने सुखद अनुभव साझा किए और अस्पताल के डॉक्टरों एवं नर्सिंग सेवाओं की सराहना की। ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल, 150 बिस्तरों से सुसज्जित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है, जो अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ मरीजों को समर्पित सेवा प्रदान कर रहा है। अस्पताल ने अब तक 15 हजार से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया है और 3000 से अधिक जटिल सर्जरी पूरी की हैं।

### विकास फैशन क्लब में पारंपरिक एवं आधुनिक कपड़ों की एक्सक्लूसिव रेंज



**रायपुर।** जीई रोड स्थित विकास फैशन क्लब में पारंपरिक और आधुनिक मेन्सवियर के अनूठे और एक्सक्लूसिव डिजाइन उपलब्ध हैं। विकास फैशन क्लब के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि हमारी संस्थान के कुशल कारीगरों और उनके वर्षों के अनुभव ही है जो कस्टमर्स को हमेशा कुछ नया देने के लिए हमे प्रेरित करते है। विकास फैशन क्लब के डिजाइन्स पूरे प्रदेश में मशहूर हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से लोग यहां अपने विशेष अवसरों के लिए कपड़े खरीदने आते हैं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष सम्मान समारोह



**रायपुर।** मॉडर्न नॉलेज एजुकेशनल सोसाइटी एवं गुड स्टार्ट स्कूल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह आयोजन रायपुर भाठागांव एवं प्रोफेसर कॉलोनी स्थित संस्थानों में किया गया, जिसमें 125 महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्था की निदेशक अनिता मारवा ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की और सभी महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल की प्रमुख जयश्री यादव द्वारा किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



एजुकेशन अपडेट

## व्यापम परीक्षाओं के लिए हर बार नहीं देनी होगी जानकारी




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित विभिन्न प्रवेश, पात्रता और भर्ती परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रोफाइल पंजीकरण की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। व्यापम की नई वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in को 27 फरवरी 2025 से शुरू किया गया है। जिन अभ्यर्थियों ने पहले से प्रोफाइल पंजीकरण किया हुआ है, उन्हें अपने प्रोफाइल को अद्यतन करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी बार-बार नहीं भरनी होगी। प्रोफाइल पंजीकरण सिर्फ एक बार करना होगा और इसी प्रोफाइल पर अभ्यर्थी लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन कर करते हैं। प्रोफाइल अद्यतन करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने पूर्व के प्रोफाइल लॉगिन एवं पासवर्ड के माध्यम से अपडेशन ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा, जिसमें अभ्यर्थी अपने पुराने फोटो के स्थान पर नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो एवं हस्ताक्षर (50 से 100 केबी जेपीजी) अपलोड कर अपना प्रोफाइल पासवर्ड बदलना होगा।

### इस तरह होगा अपडेट

अभ्यर्थी को अपना वैध ई-मेल एड्रेस दर्ज करना होगा। यदि कोई अभ्यर्थी दिव्यांग है, तो नए वेबसाइट में उल्लेखित दिव्यांगता के प्रकार का चयन करके अपना प्रोफाइल अपडेट करते हुए जिला मेडिकल बोर्ड या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं जारी होने का दिनांक भी प्रविष्ट करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी अपने प्रोफाइल की व्यक्तिगत जानकारी में कोई सुधार करना चाहते हैं, तो नए वेबसाइट में अपने प्रोफाइल लॉगिन में जाकर अनिवार्य रूप से सुधार कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों ने व्यापम के वेबसाइट में पूर्व में अपना प्रोफाइल पंजीकरण नहीं किया है, वे व्यापम के नए बेवसाइट पर प्रोफाइल पंजीकरण कर सकते हैं। व्यापम की परीक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रोफाइल पंजीकरण अनिवार्य है।

होली के त्योहार में अब केवल 3 दिन ही बच गए हैं। पर्व के नजदीक आते ही बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। रंग, गुलाल और विभिन्न तरह की पिचकारियों से सजे बाजार में खरीदारी के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। इस बार बच्चों को म्यूजिक पिचकारी खूब पसंद आ रही है। यह पिचकारी बैटरी से चलती है, जिसमें खास बात यह है कि पिचकारियों से रंग होली के गानों के साथ निकलेगा।

# होली गीतों संग पिचकारी से निकलेगा रंग, बाजार में संतरा-नीबू और आम की खुशबू वाले गुलाल की मांग

## 5 से 10 लीटर तक टैंक पिचकारी, कार्टून कैरेक्टर की थीम पर किए गए हैं डिजाइन

**रायपुर।** थोक व्यापारी गुलशन अग्रवाल ने बताया, इसमें पांच हिंदी गाने सुनने को मिलेंगे। बच्चों के साथ बड़े भी इस तरह की पिचकारी खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 500 रुपए है। बाजार में 5 से 10 लीटर की बड़ी टैंक वाली पिचकारी है, जिसकी रेंज 10 मीटर की दूरी पर खड़े व्यक्ति पर रंग डालने की है। ऐसी पिचकारियों को बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। पिचकारियों के नाम भी रोचक तरीके से बार्बी डॉल, मोटू-पतलू, स्टेनगन, मिनी बस आदि रखे गए हैं। इन पिचकारियों के आकार व उन पर लगे पोस्टर छोटे बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं।





### हर्बल रंगों से बने गुलाल सिलेंडर

बाजार में होली के रंगों को और गहरा करने गुलाल सिलेंडर आए हैं, जो आग बुझाने वाले सिलेंडर की तरह हैं। श्रीगणेशा ग्लोबल गुलाल के कंपनी के डायरेक्टर अनुज गोयल ने बताया कि इस बार हर्बल रंगों में गुलाल सिलेंडर की मांग है। यह किलो के अनुसार बिक रहा है। सिलेंडर से गुलाल पानी के फुहारे की तरह निकलते हैं। उन्होंने बताया कि होली में विभिन्न फल की खुशबू वाले गुलाल आए हैं। इसमें आम, संतरा, नीबू, अनार अन्य फलों की खुशबू वाले गुलाल शामिल हैं।

### मुखौटे, नकली बाल और मूंछ की बिक्री

होली के उत्सव को खास बनाने के लिए बाजार में डरावने मुखौटे के साथ नकली बाल और लंबी मूंछ आई हुई हैं, जिसकी मांग इन दिनों बढ़ी हुई है। मुखौटों में लाइट भी लगी हुई है, जो कई रंगों में जलती है। मुखौटे की कीमत 150 से 500 रुपए तक है। इसी प्रकार सायरन, बीन की आवाज वाले गन पिचकारी की भी बाजार में पसंद की जा रही है। इसके अलावा छोटा भीम, मिक्की माउस, सुपरमैन वाली गन पिचकारी भी हैं। परंपरागत पिचकारियां भी बाजार में आई हैं।



### खाल महंगी, इसलिए बढ़े दाम

राठौर चौक पर नगाड़ा बेच रही प्रमिला बाई ने बताया कि इस साल चमड़े की कीमत बढ़ने से नगाड़ा बनाने में खर्च ज्यादा आया है। चमड़ा, मटका, रस्सी महंगे होने की वजह से नगाड़ों की कीमत भी बढ़ानी पड़ी है। पिछले साल छोटा नगाड़ा 150 रुपए में मिलता था, इस साल 200 से 250 रुपए तक कीमत है। इसी तरह बड़ा नगाड़ा 1200 से बढ़कर 1800 से दो हजार रुपए तक हो चुका है। अलग-अलग जानवरों की खाल, चमड़े से नगाड़ा तैयार किया जाता है। विशेष रूप से बनाए जाने वाले काले मटके की कीमत भी कुम्हारों ने बढ़ा दी है।

### विलुप्त हो रही परंपरा

होली त्योहार के पहले लोगों को नगाड़ा सुनने को मिल जाता था। फाग गाने के लिए लोग जुटते थे। शहर में यह परंपरा शुरू से न के बराबर रही है, लेकिन गांव में भी अब यह विलुप्ति की कगार पर है। बसंत पंचमी से होलिका दहन के लिए जगह तय कर लकड़ी एकत्रित करने का काम शुरू हो जाता था। बच्चों और युवाओं की टोली होली का चंदा मांगने भी निकलती थी, लेकिन बीते कुछ वर्षों से यह सब थम-सा गया है और होली महज औपचारिकता तक सिमटकर रह गई है।

### यहां से आए नगाड़े बेचने वाले

तेलीबांधा, पंडरी, पचपेड़ी नाका, कालीबाड़ी, आमापारा, भाठागांव, रायपुरा आदि इलाके में मंदिर हसौद, आरंग, कवर्धा, डोंगरगढ़, राजनांदगांव से नगाड़ा बेचने वाले आए हैं।



### क्विंटल में खरीद रहे हर्बल गुलाल

बाजार में केमिकल व हर्बल रंग भी उपलब्ध है। केमिकलयुक्त रंग के साथ हर्बल रंग भी दुकानों में उपलब्ध हैं। विशेषज्ञों का कहना है, हर्बल रंग के मुकाबले केमिकलयुक्त रंग सस्ते हैं और देर तक त्वचा पर रहने वाले होते हैं। लेकिन, इनके कई तरह के दुष्परिणाम भी सामने आते हैं, जबकि हर्बल रंग महंगे होते हैं, किंतु त्वचा के लिए सुरक्षित होते हैं। लोग सस्ते के चक्कर में केमिकल वाले रंगों का उपयोग कर बीमारी व परेशानी को आमंत्रित करते हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर्बल रंग की कीमत अधिक होने से लोग केमिकलयुक्त सस्ते रंग अधिक खरीदते हैं। पार्टी के लिए लोग क्विंटल के हिसाब से हर्बल गुलाल खरीद रहे हैं।

सिटी इवेंट


## आईआईटी के छात्रों को मिला बेस्ट स्टूडेंट एग्जीबिटर्स अवार्ड



**रायपुर।** आईआईटी के छात्रों ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेंज टेक्नोलॉजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और 'बेस्ट स्टूडेंट एग्जीबिटर्स अवार्ड' जीता। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 6-8 मार्च को आईटीआर, डीआरडीओ, बालासोर में आयोजित किया गया, जिसमें आईआईटी और एनआईटी जैसे शीर्ष संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।आईआईटी नया रायपुर की टीम में चार छात्र शामिल थे, जिन्होंने डॉ. कविता जायसवाल और डॉ. रूहुल अमीन के मार्गदर्शन में विकसित किए गए तीन इनोवेटिव आईओटी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। बता दें कि पार्थ पटेल ने ऑरा सेंस एडवांस्ड कॉन्टैक्टलेस ह्यूमन प्रेजेंस डिटेक्शन सिस्टम और मोहम्मद अदीब हाइड्रेशन में क्रांति थीम पर रियल-टाइम वाटर मॉनिटरिंग और सस्टेनेबल कंजम्पशन के लिए स्मार्ट बॉटल टेक्नोलॉजी और काम्या हिरवानी व अद्या पांडेय ने आईओटी आधारित ऑटोमैटिक कार पार्किंग सिस्टम पर स्पेस यूटिलाइजेशन को ऑप्टिमाइज़ करना और यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने पर प्रोजेक्ट बनाया था।

### महिलाएं संघर्षों से हर क्षेत्र में प्रगति कर रहीं

**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. समरेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समय के साथ महिलाएं अपने संघर्ष और निरंतर प्रयासों से हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। आज महिलाएं देश चलाने से लेकर देश सेवा तक, सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में संतोषी निषाद, रत्ना निषाद, रेणुका निषाद और माधुरी को सम्मानित किया गया। शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रदीपकांत खरे ने किया। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों का भी विशेष योगदान रहा।



## होली मिलन में महिलाओं ने फाग के पारंपरिक गीतों पर किया डांस

**रायपुर।** संगिनी महिला मंडल समता कॉलोनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

साथ ही, फूलों से होली खेलते हुए और होली के पारंपरिक गीतों रंग बरसे भीगे चुनरवाली.., और होलिया रे उड़े रे गुलाल.., पर जमकर डांस किया। इस प्री-होली उत्सव ने सभी को हर्षित कर दिया और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में किरण अग्रवाल के अलावा शशि अग्रवाल, सारिका खेतान, प्रिय अग्रवाल, गायत्री गोयल, कौशल्या गुप्ता, रतन मिश्रा, उषा शुक्ला, मंजू अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, ललित अग्रवाल, संगीता अग्रवाल और अन्य महिलाएं भी उपस्थित थीं। मंडल की अध्यक्ष ने बताया कि 28 मार्च को भीमसेन भवन में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में एक और कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## नए फ्लाइंग प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत राजधानी के कैडेट्स भरेंगे पहली उड़ान

**रायपुर।** नेशनल कैडेट कोर युवाओं में कौशल विकास और अनुशासन बनाए रखने से संबंधित प्रशिक्षण देता है। इन दिनों स्कूल-कॉलेज के छात्र भारतीय सेना में शामिल होने की चाह लेकर एनसीसी में भर्ती हो रहे हैं। इसमें आर्मी, नौसेना और एयर विंग तीन विभाग में कैडेट्स को बांटा गया है। एयर विंग में कैडेट्स के बढ़ते रूझान को देखते हुए, नवीन फ्लाइंग प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत होने जा रहा, जिसमें अधिकारी वायु विमान की जानकारी साझा करेंगे। ले. कर्नल प्रदीप नायर ने बताया कि एनसीसी दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीण क्षेत्र के कैडेट्स के लिए फ्लाइंग प्रशिक्षण केंद्र तैयारी करने की बात कही। जिसके अनुसार अब जशपुर में कैडेट्स को फ्लाइंग प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एनसीसी कैडेट्स के लिए फ्लाइंग प्रशिक्षण केंद्र

कमांडर विवेक कुमार साहू ने बताया कि एयर विंग के कैडेट्स को फ्लाइंग प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश में एकमात्र फ्लाइंग प्रशिक्षण केंद्र रायपुर में है। मुख्यमंत्री, वित्त विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जशपुर में भी नवीन केंद्र आरंभ किया गया। जहां रनवे को बड़ा और आवाजाही में बढ़ोतरी की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत से प्रदेशभर के कैडेट्स को ट्रेनिंग दी जाएगी, जो भविष्य में भारतीय वायु सेना में भर्ती प्रक्रिया में उन्हें मदद मिलेगी। इस दौरान रनवे में उड़ान भरकर देखा गया, जिसमें राजधानी के 5 से अधिक एयर विंग के कैडेट्स की उपस्थिति बनी रही।

कार्नर न्यूज

## मैक कैंपस में सौ से ज्यादा मॉडल्स में टीचिंग लर्निंग मटेरियल, निर्णायकों ने किया अवलोकन

# एग्जीबिशन से समझाई हृदय की संरचना, खाद्य श्रृंखला व मिट्टी का कटाव रोकने बताए उपाय



**रायपुर।** हृदय की गतिशीलता और रक्त संचार को बताने के लिए ही नहीं, बल्कि खाद्य उत्पादन की श्रृंखला के साथ ही मिट्टी का कटाव रोकने में पेड़-पौधे कितने उपयोगी होते हैं। इसे दिखाने के लिए समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में सोमवार को टीचिंग लर्निंग मटेरियल एग्जीबिशन और प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के चेयरमैन राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. एस. मिश्रा द्वारा पारंपरिक रूप से किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने के लिए नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था।



### शिक्षण सामग्री का किया गया समावेश

इसमें आकर्षण का केंद्र रंगीन चार्ट और पोस्टर के माध्यम से भी विषय को समझाने का प्रयास किया गया। भाषा, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित के वर्किंग मॉडल से जटिल सिद्धांतों को सरल तरीके से समझाने का प्रयास किया गया। नवीन और पर्यावरण-अनुकूल शिक्षण सामग्री का समावेश किया गया। निर्णायकों ने प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। छात्रों ने शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए नई तकनीक को अपनाने की दिशा में रुचि दिखाई। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष रूची सचान के निर्देशन में प्राध्यापकों के सहयोग से पूर्ण हुआ।

### कारखाना उद्योग व कई मॉडल्स खास

एग्जीबिशन में शिक्षा विभाग बी.एड. और डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही बनाए गए शिक्षण सहायक सामग्रियों को पेश किया। इसमें चार्ट, मॉडल, वर्किंग मॉडल शामिल थे। सौ से अधिक मॉडल्स में कारखाना उद्योग, पृथ्वी की संरचना, पवन चक्की, वोटिंग मशीन और मिट्टी का संरक्षण कैसे कर सकते हैं, इसे समझने का प्रयास किया गया। पेंडुलम, जल संरक्षण तंत्र, चंद्रयान, बैंकिंग प्रणाली, न्याय प्रणाली जैसे विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा मॉडल पेश किया गया था। इसमें टीएलएम की विशेषताओं और उनके उपयोग पर विस्तार से जानकारी प्रस्तुति की गई।



## धर्म लाइव

# हनुमान चालीसा को भव्य बनाने 6 अप्रैल को महापाठ




**रायपुर।** हर साल की तरह श्री हनुमान महापाठ समिति ने इस बार भी 6 अप्रैल को रायपुर में होने वाले हनुमान चालीसा महापाठ को भव्य स्वरूप देने की तैयारी शुरू की है। हनुमान के प्रसंग को श्रोताओं के बीच कथावाचक विजय शंकर मेहता सुनाएंगे। आयोजन को सफल बनाने और उसे सुचारू रूप से गति देने के लिए मीटिंग का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बार इसे भव्य और रोचक बनाने के लिए किस तरह का प्रयास किया जा सकता है, इसके लिए वैचारिक मंथन अग्रसेन भवन में किया गया। समिति से जुड़े अमित डोये ने बताया कि मीटिंग में लोगों से परामर्श भी लिया गया। इसमे समिति के पदाधिकारियों ने भी प्रमुख रूप से हिस्सा लिया। इसमें मोहन पवार, राजेश डागा, संतोष परमार, ललित जोबनपुत्रा के साथ ही विनोद पाहवा, रश्मि परमार, नीतू सोनी भी शामिल हुई।

### आयोजन को सफल बनाने तैयारी

मीटिंग में महापाठ समिति के विजय अग्रवाल और शिवनारायण मुंघडा ने बताया कि इस वर्ष हनुमान चालीसा की चौपाइयों से श्री मेहताजी 'मानव कल क्या था, आज क्या है और कल क्या होगा' विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। आयोजन का यह 17वां वर्ष होने से इसे भव्य बनाने का प्रयास किया जाए, ताकि लोग इससे आसानी से जुड़ सकें। इसके लिए मेंबर्स ने अपने सुझाव दिए। साथ ही तन, मन, धन से आयोजन को सफल बनाने के लिए उत्साह और जोश दिखाए। सभी ने हर वर्ग को इससे जोड़ने के लिए प्रयास करने पर जोर दिया। मीटिंग के अंत में योगी अग्रवाल ने ८ सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## संस्कृति विभाग के मुक्ताकाश मंच पर इंदौर के कलाकारों ने सवा घंटे दी कलांजलि की भावपूर्ण प्रस्तुति

# संगीतमय नृत्य-नाटिका में सजी देवी अहिल्या बाई की शौर्य गाथा, संस्कृति को बचाने संघर्ष



'वे हमारी आस्था को चोट पहुंचा गए, काशी और सोमनाथ को लूटकर धर्म को डिगाने का प्रयास किया है। अगर हम मिलकर प्रयास करें, तो धर्म नगरी को फिर से संवार सकते हैं। देवी-देवता हमारे हैं, उनके मंदिर का जीर्णोद्धार करना हम सबकी जिम्मेदारी है, जैसे कई संवादों ने दर्शकों को जहां आस्था से जोड़ने का काम किया। वहीं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन सौ साल पहले किए गए प्रयासों की झलक भी अहिल्या के शौर्य गाथा का केन्द्र रहा। संगीतमय नृत्य-नाटिका से दर्शक सवा घंटे जुड़े रहे।'



**रायपुर।** संस्कृति विभाग के मुक्ताकाश मंच पर सोमवार की रात इंदौर के 22 कलाकारों ने मंत्रमुग्ध करने वाले संगीतमय नृत्य-नाटिका को बड़े रोचक तरीके से पेश किया। मंजूशा जौहरी द्वारा लिखित व निर्देशित नृत्य-नाटिका देवी अहिल्या बाई होल्कर की भावपूर्ण प्रस्तुति का साक्षी बनने के लिए भारी तादाद में लोग दर्शक दीर्घा में टकटकी लगाए जमे रहे। इसमें अहिल्या बाई का किरदार निभाते हुए प्रियंका बैद्य ने भी पूरा न्याय किया। वहीं, उनके पति यानी राजा मल्हार राव होल्कर के रूप में प्रणय माणिक ने दर्शकों को उस दौर का एहसास कराया। जहां एक गरीब परिवार की बेटी अहिल्या किस तरह से रानी बनती हैं, उनको किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे भी गीत-संगीत एवं नृत्यों की श्रृंखला से सजाने का बेजोड़ प्रयास किया गया।



### संस्कृत की पाठशाला होनी चाहिए

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि हमारी संस्कृति का बोध कराने के लिए हर जिले में संस्कृत की पाठशाला होनी चाहिए। जहां स्कूली बच्चों को संस्कृत और संस्कृति की शिक्षा मिल सके। इस दौरान मुक्ताकाश मंच के दर्शक दीर्घा में महापौर मीनल चौबे के साथ ही पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला और महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। आयोजन समिति ने लोगों की सुविधा के लिए एलईडी का भी इंतजाम किया था।

### आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास



कॉस्मिक क्रिएशन सोसाइटी, महाराष्ट्र मंडल रायपुर और संस्कृति विभाग के सहयोग से किए गए प्रयास से हुए इस आयोजन में एक ऐसा भी समय आया, जब इंदौर के पास स्थित महेश्वर गांव की महिलाओं को घर की चारदीवारी से बाहर निकालने का प्रयास करते हुए अहिल्या बाई नजर आती हैं। उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए साड़ी बनाना सिखाते हुए आर्थिक समृद्धि का मूलमंत्र देती हैं। प्रोग्राम के बीच में ही संयोजक ने बताया कि अहिल्या बाई द्वारा शुरू किया गया साड़ी निर्माण अब भी उस क्षेत्र की पहचान है।

### सरोकार के लिए चलता रहा संघर्ष



अहिल्या बाई ने जिस तरह से सरोकार से जुड़ी चीजों के लिए संघर्ष किया, वह मंच पर देखने को मिला। आक्रमण और तोड़-फोड़ से क्षतिग्रस्त काशी और सोमनाथ मंदिर का कायाकल्प करवाने के लिए उन्होंने लोगों को साथी बनाया। जिनके प्रयास से दोनों ही आस्था केन्द्रों में फिर से रौनक लौटी। इसे दिखाने के लिए गीत-संगीत के साथ ही नृत्यों का भी समावेश किया गया था। इससे दर्शकों को कहानी के साथ ही उस दौर के संगीत का भी लुत्फ उठाने का अवसर इंदौर के कलाकारों ने दिया। इस सिलसिले को आगे बढ़ाने का दायित्व संयोजक संजय जोशी ने निभाया।

## समाज लाइव

# आयुर्वेद चिकित्सालय में 3934 बच्चों का स्वर्णप्राशन, बांटे गए बाल रक्षा किट



**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में पुष्य नक्षत्र पर 3934 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन के लिए पहुंचे 800 बच्चों को स्वर्णप्राशन किट और 350 बच्चों को बाल रक्षा किट भी वितरित किए गए। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा महाविद्यालय को ये किट उपलब्ध कराए गए थे। आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा ने आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में बच्चों और परिजनों को ये किट प्रदान किए। उन्होंने स्वयं बच्चों का स्वर्णप्राशन भी कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक चिकित्सा परिषद के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला और महाविद्यालय की प्रभारी अधीक्षक डॉ. अरुणा ओझा सहित कई प्राध्यापक भी इस दौरान मौजूद थे।

### बच्चों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वर्णप्राशन कार्यक्रम के समन्वयक एवं कौमारभृत्य - बालरोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि हर पुष्य नक्षत्र तिथि में आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया जाता है। यह बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव में बहुत लाभदायक और उपयोगी है। वे स्वर्णप्राशन के लिए आने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी करते हैं। इसी कड़ी में आज करीब चार हजार बच्चों का स्वर्णप्राशन किया गया है।

# मुनिश्री समता सागर महाराज का 41 साल बाद रायपुर में आज होगा मंगल प्रवेश

निर्यापक मुनि श्री समता सागर महाराज का संघ मंगल प्रवेश 11 मार्च, मंगलवार को प्रातः 8 बजे डी. डी. नगर से होगा। उनका यह मंगल प्रवेश 41 साल बाद छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हो रहा है।



**रायपुर।** मुनि श्री समता सागर महाराज की मुनि दीक्षा 1983 में आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के करकमलों से हुई थी और 1984 में श्री सम्मेदशिखर जी की तीर्थ बंदना से लौटे थे। अब 41 साल बाद पुनः यह शुभ संयोग रायपुरवासियों को प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी और स्थानीय प्रचार प्रमुख अतुल जैन गोधा ने बताया कि मुनि श्री का रात्रि विश्राम मोहन पैलेस में होगा और मंगल प्रवेश प्रातः 8 बजे डी. डी. नगर से प्रारंभ होगा। मुनि श्री ने 10 अप्रैल को भिलाई 3 के चरोदा ग्राम में ज्ञानोदय विद्यापीठ और हस्तकला प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास समारोह में कहा, बड़े से बड़े लक्ष्य की शुरुआत छोटे से होती है। आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने महाराष्ट्र में पांच विद्यार्थियों को पढ़ाना शुरू किया, जो बाद में एक बड़े गुरुकुल के रूप में विकसित हुआ। मुनि श्री ने कहा कि भिलाई 3 में शिलान्यास का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा, त्यागीवृतियों के लिए आहार-विहार की व्यवस्था और स्वरोजगार के लिए हस्तकला केंद्र का निर्माण करना है।

### मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से कार्यक्रम

*प्रातःकाल मुनिसंघ का विहार 8 बजे डी.डी. नगर से मंगल आगवानी के लिए किया जाएगा, और फिर दि. जैन मंदिर में मुनि श्री संघ की मंगल देशना के साथ 10 बजे आहार चर्या संपन्न होगी। मध्यान्ह में मुनिसंघ का विहार दि. जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड के लिए होगा। इस अवसर पर मुनि पवित्र सागर महाराज, ऐलक श्री निश्चयसागर महाराज, ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज और क्षुल्लक संयम सागर महाराज के सानिध्य में संघस्थ बाल ब्र. अनूप भैया एवं रिंकू भैया, सहयोगी संतोष जैन भिलाई, मुनि भक्त सुवोध भुसावल, शेलेष जैन दमोह ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से कार्यक्रम को संपन्न किया।*

# यंग इंडिया संग मैराथन में छलका उत्साह सेहत बनाने युवाओं ने दिया संदेश



**रायपुर।** भाग-दौड़ भरी जिंदगी में लोग खुद की सेहत के प्रति लापरवाह हो रहे हैं। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए सुबह दौड़ लगाना कितना जरूरी है। इसके लिए लोगों को सजग करने का प्रयास यंग इंडिया और रायपुर सिटी काउंसिलिंग ने किया। साथ ही संयुक्त रूप से मैराथन का आयोजन किया। इस मैराथन में हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। वहीं, सेहत के लिए मैराथन में युवाओं का उत्साह ज्यादा रहा। इसमें कलेक्टर गौरव सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा के समय छात्र-छात्राओं का मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना जरूरी है। इसके लिए सुबह दौड़ने से दिनभर शरीर में ताजगी एवं पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। इस तरह के प्रयास से लोगों को निश्चित तौर पर फायदा मिलेगा।

### जयस्तंभ तक लगाई दौड़

आयोजन के बारे में हनी जुनेजा ने बताया कि सुबह 6 बजे सैकड़ों लोग मैराथन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे। सभी ने मरीन ड्राइव से लेकर जयस्तंभ तक दौड़ लगाई। मैराथन में शामिल लोग चौक से वापस मरीन ड्राइव आयोजन स्थल 7.30 बजे पहुंचे। इसके बाद सभी अतिथियों ने दौड़ में शामिल लोगों को संबोधित किया। आगे बताया कि इसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। उनको बताया गया कि सुबह आधे घंटे खुद की सेहत के लिए दें। इससे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती भी मिलेगी।

**मरीन ड्राइव से जयस्तंभ तक शहर के सैकड़ों लोगों ने लगाई दौड़**

### लोगों को जोड़ने देंगे जानकारी

यंग इंडिया के मेंबर्स ने लोगों को बताया कि इस तरह का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। इसके लिए अब आगामी मैराथन से पहले लोगों को दिन और समय की जानकारी देने का प्रयास किया जाएगा। शहर के ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें शामिल हो, इसके लिए सामाजिक संस्थाओं के साथ ही सरकारी विभागों से तालमेल बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि यह प्रयास सेहत के लिए जनजागृति का हिस्सा बन सके।

# वैलेंटाइन डे मनाने वाले खत्म कर रहे संस्कृति मर्यादा, प्रेम का सही दर्शन मानस में निहित

**रायपुर।** प्रेम का इजहार करने के लिए वैलेंटाइन डे मनाने वाले न केवल हमारी संस्कृति, बल्कि मर्यादा को भी खत्म कर रहे हैं। ऐसे लोगों ने पवित्र प्रेम की परिभाषा बदल दी है। मर्यादा व संस्कार का पालन कैसे किया जाता है, इसका दर्शन करना है तो रामचरित मानस में श्रीराम व सीता के पुष्प वाटिका में मिलन से कर सकते हैं। जहां शब्द और वाणी का प्रयोग किशोरी के सामने नहीं किया गया। यही जानने तो कथा में आते हैं। लेकिन, कथा सुनने के बाद भी उसे ग्रहण नहीं किया और अंतःकरण की मलिनता नहीं गई तो न आपके चरित्र व विचारों में परिवर्तन होगा और न शुद्धता आएगी। संसार में सभी प्रभु को पाना चाहते हैं पर सीता जैसी व्याकुलता नहीं है। यह बात सिंधु भवन में श्रीराम कथा के समापन दिवस पर मानस मर्मज्ञ मंदाकिनी दीदी ने कथा श्रोताओं के बीच कही।

शंकर नगर के सिंधु भवन में जारी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में मानस मर्मज्ञ मंदाकिनी दीदी के उद्गार



### अपने भाई लक्ष्मण को बनाया श्रोता

उन्होंने आगे कहा कि पुष्प वाटिका में जब सीताजी के साथ मिलन होता है, तब प्रभु राम के हृदय में भी काव्य रस का सृजन होने के साथ ही श्रृंगार रस हिलोरे लेने लगा। वे श्रृंगार रस की कविता सुनाना तो चाहते हैं, लेकिन श्रोता अपने भाई लक्ष्मण को बनाया। राजा दशरथ के चारों पुत्र अलग-अलग फल के प्रतीक हैं। वे अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष स्वरूप हैं। इन अर्थों में लक्ष्मण काम के प्रतीक हैं। जहां श्रृंगार रस का वर्णन हो रहा हो, वहां पर काम का होना बहुत जरूरी है। इसलिए लक्ष्मण की उपस्थिति रही है।

### संसार रूपी वाटिका में घूम रहे हैं प्रभु

*आज की पीढ़ी को कैसे समझाएं, क्या संदेश दें और क्या बोलें? मानस के इस गूढ़ प्रसंग को समझना होगा। जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कहते हैं कि कभी उन्होंने पर स्त्री का दर्शन नहीं किया। इस पवित्र मन को क्या हुआ है, जो स्वयं पर भरोसा नहीं है। लक्ष्मण तुम तो वैराग्य रूप हो, मदद करो। क्योंकि, मेरे हृदय में राग का उदय हुआ है। मानस के प्रसंग में अद्भुत व्याख्या है कि आज कहीं न कहीं प्रभु संसार रूपी वाटिका में घूम रहे हैं। कोई खिला हुआ सुमन मिल जाए और उसका चयन कर लें। निराश न हों, अगर आपको लगे कि अंतःमन में भक्ति रस का प्रार्दुभाव नहीं हुआ है। हम अपूर्ण और असमर्थ हैं तो करुणा संत की है, जो प्रभु से मिलन का मार्ग बताते हैं।*



ये भी जानें

## नजर दोष से मुक्ति दिलाएगा होलिका दहन, सरसों का तेल और काली राख से करें ये काम



कुछ दिन बाद देशभर में होली का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। होली रंगों का त्योहार होता है इस दिन सभी लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं। होली के एक दिन पहले होलिका दहन किया जाता है, हिन्दू धर्म में होलिका दहन का विशेष महत्व है। इसे लेकर कई मान्यताएं भी प्रचलित है। ऐसा माना जाता है कि होलिका दहन बुराई के अंत का प्रतीक है। इस दिन सभी अपने अंदर की नकारात्मक ऊर्जा को जला देते हैं, और हमेशा सकारात्मक सोचने का विचार करते हैं।

### मान्यता : होली की राख में बहुत होती है शक्ति

ऐसा माना जाता है, होली की राख में बहुत शक्ति होती है। जिससे जीवन की कई परेशानियों का अंत हो जाता है, ऐसे में कई लोग होलिका दहन में कुछ न कुछ उपाय खोजते रहते हैं, जिसकी मदद से नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकते हैं साथ ही साथ नज़र दोष का भी छुटकारा पा सकते हैं, तो चलिए जानते हैं।

**राख में सरसों मिलाएं :** होलिका दहन करने के बाद, जब राख ठंडी हो जाए, तब थोड़ी सी राख को अपने घर ले आएँ। फिर उस राख में सरसों मिलाकर घर के चारों ओर छिड़क देना चाहिए। ऐसा करने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा ख़त्म हो जाती है, और सकारात्मक उर्जा का संचार होने लगता है।

**लेप :** इसके अलावा होलिका दहन के बाद जब राख ठंडी हो जाएं, तब उस राख से तिलक करें। ऐसा करने से आप नज़र दोष से बचे रहेंगे। इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि होलिका कि राख को ठंडा होने के बाद पूरे शरीर में लेप की तरह लगाना चाहिए। ऐसा करने से त्वचा संबंधित परेशानियां दूर हो जाती है।

**सफ़ेद चीज़ों का न करें सेवन :** होलिका दहन के दिन भूलकर भी सफ़ेद चीज़ों का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि होलिका दहन के दिन नकारात्मक ऊर्जा सक्रिय हो जाती है, सफ़ेद चीज़ों का सेवन करने से यह और भी ज़्यादा सकती हो सकती है और घर में प्रवेश कर सकती है। इसलिए इस दिन हो सके तो सफ़ेद चीज़ों से बचना चाहिए।

**कौड़ियों का उपाय :** अगर आपको ऐसा लगता है कि बार बार आपको नज़र लग जाती है, तो ऐसे में आप कौड़ियों का उपाय भी कर सकते हैं। होलिका दहन के दिन, सात कौड़ियों को अपने सिर से सात बार उतारें और फिर उन कौड़ियों को होलिका की अग्नि में समर्पित कर दें। ऐसा करने से नज़र दोष ख़त्म हो जाता है, और सभी समस्याओं का भी अंत होता है।

## कहीं आपके घर में तो नहीं है नेगेटिव एनर्जी! आज ही पता करें नींबू से और करें निदान



घर की एनर्जी कैसी है इस बात पर आपकी जिंदगी जीने का नजरिया डिपेंड करता है। अगर घर में पॉजिटिव एनर्जी रहती है तो आपका मन खुश रहता है और आप की बरकत होती है। अगर आपके घर में नेगेटिव एनर्जी है तो चाहे आपके पास कितने भी पैसे क्यों ना हो आप खुश नहीं हो सकते हैं। ऐसे में आप अपने घर की एनर्जी नींबू के साधारण से उपाय से चेक कर सकते हैं। टैरो रीडर और न्यूमैरोलॉजिस्ट ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के जरिए इस बात की जानकारी लोगों को दी है।

**नकारात्मक ऊर्जा जानने ऐसे करें नींबू का प्रयोग :** घर में नकारात्मक ऊर्जा की जांच कैसे करें। एक ग्लास ताजा पानी और एक पूरा नींबू ले। इसे पानी के गिलास में डालें। 10 से 20 मिनट तक प्रतीक्षा करें और फिर परिणाम देखें। यदि यह पानी में तैरता है तो घर में सकारात्मक ऊर्जा है और अगर नींबू नीचे डूब जाता है तो घर में नकारात्मक ऊर्जा हो सकती है। वास्तु टिप्स में नींबू की पानी में स्थिति इस बात को दर्शाती है कि आखिर आपके घर में पॉजिटिव एनर्जी है या फिर नेगेटिव और इसके लिए आपको सिर्फ 15-20 मिनट का इंतजार करना होगा।

**इस तरह से घर की नकारात्मकता करें दूर :** वास्तु टिप्स में बताया गया कि भले ही आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा हो लेकिन आप इससे परेशान ना हों। नींबू का उपयोग हम आसपास के नकारात्मकता को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं इसलिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। एक दिन के बाद इसे कहीं फेंक दे ऐसा करने के लिए सबसे अच्छा दिन मंगलवार का हो सकता है। नींबू का टोटका से परे इसे किसी भी कोने में रात भर छोड़ सकते हैं।

सभी लोगों के चेहरे रंगों से पुते रहते हैं और मन में एक अलग ही उत्साह होता है

# होली खेलने से पहले अपनी त्वचा के लिए करें ये उपाय, रंगों से नहीं होगा नुकसान

होली रंगों से सराबोर होती है, जिस दौरान चारों तरफ गुलाल उड़ती नजर आती है। सभी लोगों के चेहरे रंगों से पुते रहते हैं और उनके मन में एक अलग ही उत्साह होता है। हालांकि, त्वचा पर चढ़ने वाला होली का रंग आसानी से उतरने का नाम नहीं लेता है। ऐसे में आपको रंग खेलने से ठीक पहले अपनी त्वचा के लिए ये उपाय करने चाहिए। इनके जरिए त्वचा की देखभाल होगी और नहाते वक्त रंग आसानी से छूट जाएगा।



### सनस्क्रीन इस्तेमाल करना न भूलें

होली के त्योहार पर दिन के समय ही रंग खेला जाता है, जिस दौरान सभी लोग अपने-अपने घरों से बाहर होते हैं। दिन में धूप तेज होती है और सूरज की हानिकारक किरणें सीधे त्वचा पर पड़ती हैं। ऐसे में आपको रंग खेलने से पहले एसपीएफ 40 या 50 वाली सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। इससे त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बन जाएगी और टैनिंग होने का खतरा भी नहीं रहेगा।

### ढेर सारा मॉइस्चराइजर लगाएं

होली खेलने के लिए इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर रंगों में रसायन मौजूद होते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसी कारण से आपको रंग खेलने से पहले अपने पूरे शरीर पर ढेर सारा मॉइस्चराइजर लगा लेना चाहिए। इस उत्पाद के जरिए आपकी त्वचा हाइड्रेटेड रहेगी और उसपर एक सुरक्षात्मक परत भी बन जाएगी। इससे रंग आपकी त्वचा में गहराई तक प्रवेश नहीं कर पाएंगे और आसानी से साफ हो जाएंगे।

### लंबी आस्तीन वाले कपड़े पहनें

होली का रंग केवल चेहरे पर ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर पर चढ़ जाता है। ऐसे में आपको रंग खेलते समय लंबी आस्तीन वाले कपड़े ही पहनने चाहिए। पैरों में पैंट या पयजामा पहनें और आखों में धूप का चश्मा लगा लें। ऐसा करने से आपकी त्वचा रंगों के सीधे संपर्क में कम आएगी और आप धूप से भी सुरक्षित रहेंगे। होली खेलते समय स्लीवलेस कपड़े न पहनें, वार्ना टैनिंग भी हो सकती है।

### नारियल तेल का उपयोग करें

अगर आप होली खेलते समय पक्के रंगों का इस्तेमाल करते हैं तो त्वचा पर नारियल तेल लगा लें। यह तेल गाढ़ा होता है और त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है। इसके कारण रंग त्वचा में गहराई तक प्रवेश नहीं कर पाते हैं और उन्हें साफ करने में आसानी होती है। त्वचा के साथ-साथ बालों में भी नारियल तेल लगाएं। इससे बालों में लगा रंग जल्दी छूट जाता है और उन्हें अधिक नुकसान नहीं होता है।

### लिप बाम लगाएं

ज्यादातर लोग होली के दौरान अपने होंठों की देखभाल करना भूल जाते हैं। हालांकि, रसायनिक रंगों के संपर्क में आने से होंठ फट सकते हैं या सूख सकते हैं। रंग खेलने से पहले अपने होंठों पर अच्छी गुणवत्ता वाला लिप बाम लगाना न भूलें। इससे होंठ नमी युक्त रहेंगे और उनके फटने का खतरा कम हो जाएगा। साथ ही, इस उत्पाद की मदद से आपके होंठों पर रंग भी नहीं चढ़ेंगे।

## शनि का मीन राशि में गोचर 29 को, शुरू होगी मेष-वृषभ राशि पर शनि की साढ़ेसाती

शनि को न्यायाधीश ग्रह माना जाता है, जो कर्मों के अनुसार फल देता है। 29 मार्च से शनि मीन राशि में गोचर करेगा, जिससे मेष और वृषभ राशि वालों के लिए साढ़ेसाती की पहली ढैया शुरू होगी। यह समय मीन राशि के लिए अंतिम चरण होगा। इन राशियों पर शनि की ढाई साल की ढैया रहेगी, जिससे करियर, स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन में चुनौतियाँ आ सकती हैं। अगर सही उपाय अपनाए जाएँ तो शनि न केवल परेशानियाँ देता है, बल्कि मेहनत का सही फल भी दिलाता है। साढ़ेसाती के प्रभाव को कम करने और इसे सकारात्मक रूप से संभालने के लिए कुछ सावधानियाँ और उपाय अपनाने चाहिए।



### सावधानियां

**आर्थिक मामलों में सतर्क रहें** – अनावश्यक खर्च से बचें, उधार लेने-देने में सावधानी बरतें।

**क्रोध और अहंकार पर नियंत्रण रखें** – शनि संयम और धैर्य की परीक्षा लेता है, इसलिए गुस्से में कोई बड़ा निर्णय न लें।

**स्वास्थ्य का ध्यान रखें** – हड्डियों, जोड़ों, त्वचा और पाचन से जुड़ी समस्याएँ हो सकती हैं, नियमित व्यायाम करें।

**रिश्तों में संयम बरतें** – परिवार और कार्यस्थल पर विवाद से बचें, धैर्य से काम लें।

**नौकरी और व्यवसाय में सतर्कता** – नई नौकरी बदलने या बड़े निवेश से पहले अच्छी तरह सोचें।

### उपाय

शनिवार को शनि देव की पूजा करें, काले तिल, तेल और काले उड़द का दान करें।

हनुमान जी की आराधना करें, हर मंगलवार और शनिवार हनुमान चालीसा का पाठ करें।

गाय को चारा और पक्षियों को दाना डालें, यह शनि के प्रभाव को शांत करता है।

गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें, विशेषकर श्रमिकों और दिव्यांगों को भोजन या वस्त्र दान करें।

शनि मंत्र का जाप करें – "ॐ शं शनैश्चराय नमः" का प्रतिदिन 108 बार जाप करें।

हर शनिवार पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएँ।

## दालों से बनाएं ये प्रोटीन युक्त व्यंजन, स्वास्थ्य के साथ ही साथ सेहत के लिए भी हैं फायदेमंद

दालें भारतीय भोजन का अहम हिस्सा हैं और प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत भी। अगर आप अपनी डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं तो दालों से बनी कुछ खास रेसिपी को आजमाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ये रेसिपी न केवल स्वादिष्ट होती हैं बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती हैं। आइए पांच ऐसी दालों के व्यंजनों की रेसिपी जानते हैं, जो आपके खाने में प्रोटीन की मात्रा को बढ़ा सकती हैं।



**मूंग दाल चीला :** मूंग दाल चीला एक स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है, जिसे आप सुबह के समय खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए मूंग दाल को भिगोकर पीस लें और उसमें अदरक, हरी मिर्च, नमक और थोड़ा-सा पानी मिलाकर घोल तैयार करें। अब इस घोल को तवे पर डालकर पतला फैला दें और दोनों तरफ से सेंक लें। इसे हरी चटनी या टमाटर की चटनी के साथ परोसें।

**मसूर दाल का सूप :** मसूर दाल सूप एक हल्का और पौष्टिक विकल्प है, जो आपको ठंडे मौसम में गर्माहट देता है। इसे बनाने के लिए मसूर दाल को धोकर उबाल लें और फिर उसमें प्याज, टमाटर, अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। इसके बाद नमक, काली मिर्च पाउडर और नींबू का रस मिलाकर अच्छी तरह पकाएं। यह सूप आपके शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ा सकता है।

**अरहर की खिचड़ी :** अरहर की खिचड़ी एक सरल लेकिन पौष्टिक व्यंजन है, जिसे आप लंच या डिनर में बना सकते हैं। इसके लिए अरहर की दाल और चावल को बराबर मात्रा में लेकर धो लें और कुकर में डालें, फिर इसमें हल्दी पाउडर, नमक, जीरा तड़का लगाकर पकाएं। जब यह अच्छी तरह पक जाए तो घी डालकर परोसें। यह खिचड़ी पेट भरने वाली होती है और इसमें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन होता है।

**चना दाल के कबाब :** चना दाल कबाब एक स्वादिष्ट स्नैक विकल्प हो सकता है, जिसे आप शाम के समय चाय के साथ खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए चना दाल को भिगोकर पीस लें, फिर उसमें प्याज, धनिया पत्ती, हरी मिर्च मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण से छोटे-छोटे कबाब बनाकर तेल में तलें या तवे पर सेंकें। ये कबाब बाहर से कुरकुरे होते हैं, जबकि अंदर से नरम होते हैं।



## बरकत चाहिए या बर्बादी? होलिका दहन पर ये गलतियां पड़ सकती हैं भारी, रखें ध्यान

होली का पर्व ऐसा त्योहार है जिसके लिए न सिर्फ़ बच्चे बल्कि बड़े भी उत्साहित रहते हैं। यह रंगों का त्योहार होता है इस दिन सभी लोग एक दूसरे को रंग लगाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि होली मनाने की शुरुआत की इसके पीछे क्या वजह है, पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि भगवान विष्णु ने जब नरसिंह अवतार लेकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी तब से ही होली मनाने की शुरुआत हुई है। होली से एक दिन पहले मनाया जाने वाला होलिका दहन नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने और सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन किए गए शुभ कार्य जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हैं, जबकि कुछ गलतियां भारी नुकसान और दरिद्रता का कारण बन सकती हैं।

**धुरेड़ी के एक दिन पूर्व होलिका का दहन :** होली के एक दिन पहले होली दहन होता है, इस दिन लोग जलती हुई आग में नई फ़सल के दाने, उपले और अन्य सामग्री डालते हैं। होली दहन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं माना जाता है बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट करने और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करने का प्रतीक भी माना जाता है। क्या आप जानते हैं कि इस दिन जाने अंजाने में की गई कुछ गलतियों की वजह से भारी नुक़सान झेलना पड़ सकता है। चलिए जानते हैं कि इस दिन किन किन गलतियों से बचना चाहिए।

### होलिका दहन पर ये 1 गलती पड़ सकती है भारी

**उधार लेन-देन बिल्कुल भी न करें :** ज्योतिष शास्त्र के हिसाब से, ऐसा कहा जाता है कि होलिका दहन के दिन कभी भी किसी से उधार पैसा नहीं लेना चाहिए न ही किसी को उधार पैसा देना चाहिए। इस दिन पैसों और रूपयों का लेन देन करने से घर में आर्थिक तंगी आती है। घर में सुख शांति पर भी नज़र लगती है। इसलिए यह गलती न करें।



### एक पुत्र की मां रखें ध्यान

इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि जिनका केवल एक पुत्र है, उनको भी कभी भी होलिका दहन की अग्नि के पास नहीं जाना चाहिए, बाक़ी जिन लोगों के पास एक पुत्र है और एक पुत्री है, उनके लिए ऐसा कोई ख़ास नियम नहीं है वे होलिका दहन कर सकते हैं।

### सफ़ेद चीज़ों का सेवन न करें

ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन के दिन सफ़ेद चीज़ों का सेवन करने की मनाही होती है। इसके पीछे यह कारण है कि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा को किया जाता है, और यह दिन सफ़ेद चीज़ों की तरफ़ नकारात्मक और शक्तियों को आकर्षित करता है। ऐसे में होलिका दहन के दिन सफ़ेद चीज़ें जैसे मिठाई, खीर, दूध, दही या बताशा नहीं खाना चाहिए।

### इन लकड़ियों को न जलाएं

वैसे तो होलिका दहन के दिन आमतौर पर सुखी लकड़ियों को जलाया जाता है, लेकिन कुछ लकड़ी ऐसी भी होती हैं जिन्हें जलाना इस दिन शुभ नहीं माना गया है। होलिका दहन के दिन आम, बरगद, पीपल कि लकड़ियों को नहीं जलाना चाहिए। दरअसल, इसके पीछे यह कारण है कि फाल्गुन में इन पेड़ों की नयी कोपलें निकलती है, अगर हम इन लकड़ियों को जलाएंगे तो इसका मतलब है कि हम कोपलों को नष्ट कर रहे हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कुलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango COMMERCIAL COOLER
हॉल, वर्कशॉप गोडाऊन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

अंकित बाउण्ड्रीवॉल
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655
प्रीकास्ट | चेनलिंक जाली | पोल फैंसिंग
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## निर्देशक सीन बेकर के संघर्ष व फिल्मी सफर की कहानी



हॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक सीन बेकर की फिल्म 'अनोरा' 97वें ऑस्कर में छा गई। फिल्म 'अनोरा' ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड जीते हैं। सीन बेकर की यही फिल्म उम्दा नहीं है, वह कई और बेहतरीन फिल्में भी बना चुके हैं। जानिए, सीन बेकर कैसे बने निर्देशक? उनकी रुचि फिल्मों में कैसे पैदा हुई? निर्देशक के कॅरियर और जिंदगी से जुड़ी खास बातें। सीन बेकर पांच साल के रहे होंगे जब उनकी मां यूनिवर्सल मॉन्स्टर्स की सीरीज दिखाने के लिए मेलबर्न की लाइब्रेरी लेकर गईं। सीन बेकर को यह फिल्म और उसके दृश्य इतने भा गए कि वह इसी बारे में सोचने लगे। यही से सीन बेकर के मन में फिल्मों को लेकर रुचि पैदा हुई। लेकिन जब वह 20 साल के हुए तो नशे की लत लग गई। लेकिन सिनेमा के लिए प्यार के कारण वह इस बुरी लत से बाहर आ गए। आगे सीन बेकर ने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में वह फिल्म स्टडी प्रोग्राम ही कर रहे थे लेकिन पढ़ाई छोड़ वह हॉलीवुड चल दिए। बाद में यानी 1998 में आकर अपनी डिग्री पूरी की। साल 2000 में सीन बेकर ने पहली फिल्म 'फोर लेटर वर्ड्स' बनाई। ऐसा नहीं है कि सीन बेकर को हॉलीवुड में आसानी से मौके मिल गए। उन्होंने शुरुआती दौर में काफी संघर्ष किया। वह निर्देशक बनने के दौरान टैक्सी भी चलाते थे।

### टॉलीवुड

## 'जेलर' के सीक्वल की शूटिंग शुरू, फिर शिकार पर निकले मुथुवेल



सुपरस्टार रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जेलर 2' की शूटिंग चेन्नई में 10 मार्च से शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता सन पिक्चर्स ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की। उन्होंने लिखा, 'मुथुवेल पांडियन का शिकार शुरू। जेलर 2 की शूटिंग शुरू।' इस फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर अपने दमदार किरदार में नजर आएंगे। 'जेलर 2' साल 2023 में रिलीज हुई तमिल सुपरहिट फिल्म 'जेलर' का दूसरा भाग है। पहली फिल्म की तरह इसे भी नेल्सन दिलीपकुमार ने लिखा है और इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। रजनीकांत के साथ यह उनकी दूसरी फिल्म है। 'जेलर' एक एक्शन थ्रिलर थी, जिसने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा था। इस बार भी फैंस को उम्मीद है कि यह फिल्म भी धमाल मचाएगी। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर तैयार कर रहे हैं, जिन्होंने पहली फिल्म के गाने बनाए थे। ये गाने काफी ज्यादा हिट हुए थे। खबरों के मुताबिक 'जेलर 2' में कई बड़े सितारे नजर आएंगे। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज के सितारों के कैमियो भी होंगे। इससे पहले जनवरी 2025 में रिलीज हुए चार मिनट के प्रोमो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था। इसमें रजनीकांत के किरदार टाइगर मुथुवेल पांडियन की वापसी और एक्शन से भरे सीन दिखे थे। पिछले साल नेल्सन दिलीपकुमार ने सोशल मीडिया पर 'जेलर 2' की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था, सुपरस्टार रजनीकांत, सन पिक्चर्स और अनिरुद्ध के साथ अपनी अगली फिल्म जेलर 2 की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

### भोजपुरी

## काजल राघवानी ने अक्षरा सिंह के होली वाले गाने पर बनाया गजब वीडियो



अक्षरा सिंह का हाल ही होली स्पेशल भोजपुरी गाना 'रंग पिया डाली' रिलीज किया गया था, जो धूम मचा रहा है। भोजपुरी के फैंस इस गाने की खूब तारीफ कर रहे हैं। तीन हफ्ते पहले रिलीज हुई इस गाने को अभी तक लाखों बार देखा जा चुका है, और काफी कमेंट्स भी आ रहे हैं। अब काजल राघवानी भी अक्षरा के गाने 'रंग पिया डाली' पर फिदा हो गई हैं। काजल राघवानी ने 'रंग पिया डाली' पर एक बेहद प्यारा वीडियो बनाया है, और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस रील को शेयर कर काजल ने अक्षरा सिंह को टैग किया है, और गाने की तारीफ की है। अक्षरा ने जब काजल का रिएक्शन देखा, उनका शुक्रिया अदा किया। वहीं, काजल राघवानी की रील पर फैंस के मजेदार कमेंट्स आ रहे हैं। एक ने लिखा है, 'खेसारी भैया के साथ होली खेलिएगा।' एक और कमेंट है, 'बहुत ही प्यारा वीडियो।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आए हाए, क्या बात है।' एक और कमेंट है, 'होली का मजा लीजिए काजल जी।' 'रंग पिया डाली' पर काजल राघवानी की अदाएं देख फैंस फिदा हो गए हैं। काजल ने इससे पहले कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे, जिनमें वह सिंदूर लगाए नजर आईं। इन्हें देख कहा जाने लगा कि एक्ट्रेस ने छुपकर शादी कर ली है। हालांकि, काजल ने अभी तक इस पर कुछ रिएक्ट नहीं किया है। काजल राघवानी के करियर की बात करें, तो उन्होंने साल 2011 में भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया था। आज उनकी गिनती भोजपुरी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में होती है। उनकी पिछली फिल्म साल 2021 में आई थी, पर तबसे भोजपुरी गानों में तहलका मचा रही हैं।

## लाइफ स्टाइल

## आईफा में बॉलीवुड हसीनाओं का खूबसूरत अंदाज



जयपुर। गुलाबी शहर जयपुर में आईफा अवॉर्ड्स का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। यहां बॉलीवुड की चर्चित अदाकाओं ने ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरा है। आईफा अवॉर्ड्स में माधुरी दीक्षित अपने पति श्रीराम नेने के साथ पहुंचीं। रेड कलर के गाउन में वे बला की खूबसूरत लगीं। अभिनेत्री नुसरत भरूचा ने भी अपने अनोखे अंदाज से लोगों का दिल जीत लिया। पर्पल और गोल्डन कलर के गाउन में अभिनेत्री आईफा के ग्रीन कार्पेट पर दिलकश पोज देती नजर आईं।

## होली खेलने के बाद रंग हटाने के लिए अपनाएं ये नुस्खे, चुटकियों में साफ होगी त्वचा

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को इंतजार रहता है। रंगों से सराबोर यह पर्व भाईचारे का प्रतीक होता है। होली मनाते समय लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं। ये रंग त्वचा पर चढ़ जाते हैं और आसानी से साफ नहीं होते। ऐसे में आप होली के रंग छुड़ाने के लिए ये घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। इनके जरिए आपकी त्वचा आसानी से साफ हो जाएगी और एक प्राकृतिक चमक भी मिलेगी।

**दही और शहद मिलाकर लगाएं :** होली खेलने के बाद सबसे पहले पानी और साबुन के जरिए त्वचा को साफ कर लें। इसके बाद अपने पूरे शरीर पर दही और शहद का पैक लगाएं, जो पक्के रंगों को भी साफ कर देगा। इस पैक को लगाकर कुछ देर सूख जाने दें, फिर हल्के हाथों से रगड़ते हुए पानी से साफ कर लें। यह पैक आपकी त्वचा को पोषण प्रदान करेगा, एक प्राकृतिक निखार देगा और रंगों के कारण होने वाले सूखेपन से भी छुटकारा दिलाएगा।



**बेसन का उबटन इस्तेमाल करें :** बचपन में जब हम होली खेलकर घर पहुंचते थे तो मम्मी हमारे शरीर पर उबटन रगड़ती थीं। इस प्राकृतिक लेप की मदद से सारा गुलाल और रंग उतर जाता था। आज भी यह नुस्खा उतना ही कारगर है। इसके लिए बेसन, आटे, गुलाब जल और हल्दी का घोल बनाएं और शरीर पर लगा लें। इसे धीरे-धीरे रगड़ते हुए साफ करें, ताकि आपकी त्वचा एक्सफोलिएट भी हो सके। उबटन मृत त्वचा को हटाते हुए रंगों को अच्छी तरह साफ कर देगा।

### नारियल तेल भी आ सकता है काम

वैसे तो होली खेलने से पहले शरीर पर तेल जरूर लगा लेना चाहिए। हालांकि, अगर आप ऐसा करना भूल गए हैं तो रंग साफ करने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें और चेहरे व शरीर पर लगा लें। इसे लगाने के बाद हल्के हाथों से मालिश करें, जिससे रंग छूटना शुरू हो जाएगा। इस तेल के जरिए रंगों के कारण होने वाली जलन को शांत करने में भी मदद मिल सकती है।

### नींबू का रस होगा कारगर

नींबू का रस भी रंग साफ करने का एक अच्छा नुस्खा हो सकता है, जिसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं होता। इसके लिए एक कटोरी में नींबू निचोड़ें और उसमें एक चम्मच दही या शहद मिला दें। इस गाढ़े घोल को अपने चेहरे और शरीर पर लगाएं और कुछ देर के लिए सूख जाने दें। इसके बाद पानी के जरिए इसे साफ कर लें। आपको होली खेलने से पहले इन तरीकों से अपनी त्वचा का ख्याल रखना चाहिए।

## चिलचिलाती गर्मी में नहीं होना पड़ेगा परेशान, कॉटन के स्टाइलिश सूट करें ट्राई

फैशन





चिलचिलाती धूप में स्टाइलिश दिखना चाहते हुए भी कई बार हमें अपने कम्फर्ट से समझौता करना पड़ता है। लेकिन अगर आप सही कॉटन सूट चुनेंगे तो आपको अपने स्टाइल से समझौता नहीं करना पड़ेगा। कॉटन सूट गर्मी के मौसम के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प होते हैं क्योंकि यह हल्के, स्किन-फ्रेंडली होते हैं। यदि आप समर में फैशनेबल दिखना चाहती हैं, तो ये तीन ट्रेंडी कॉटन सूट डिज़ाइन्स आपकी वॉर्डरोब का हिस्सा जरूर होने चाहिए।

**अनारकली कॉटन सूट :** अनारकली सूट का लूज़ फिटिंग पैटर्न शरीर को ठंडक देता है। यह हर बॉडी टाइप पर अच्छा लगता है। गर्मी के कारण हल्के रंगों जैसे पीच, बेबी पिंक, स्काई ब्लू और व्हाइट को प्राथमिकता दें। इसे ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी और स्टाइलिश दुपट्टे के साथ पेयर करें। इसके अलावा कम्फर्टेबल फुटवियर जैसे फ्लैट सैंडल्स या कोल्हापुरी चप्पल पहनें।

**प्रिंटेड कॉटन सूट :** अगर आप ऑफिस, कॉलेज या कैजुअल आउटिंग के लिए जाती हैं तो प्रिंटेड कॉटन सूट एक परफेक्ट चॉइस है। इसमें बहुत सारे डिजाइन और पैटर्न उपलब्ध हैं, जो आपको अलग-अलग लुक देते हैं। यह सिंपल होते हुए भी काफी ट्रेंडी लगता है। इसे छोटे झुमके, ब्रेसलेट और खुले बालों के साथ कैरी करें।हल्के रंगों के प्रिंटेड सूट चुनें, जैसे येलो, मिंट ग्रीन, और लैवेंडर।




**पटियाला कॉटन सूट :** पटियाला सलवार की ढीली फिटिंग से शरीर को ठंडक मिलती है। यह कैजुअल और ट्रेडिशनल दोनों मौकों के लिए परफेक्ट है। इस सूट को अलग-अलग दुपट्टों और फुटवियर के साथ नया लुक दिया जा सकता है। इसके साथ बड़े झुमके और बैंगल्स पहनकर देसी लुक पा सकते हैं। ब्राइट कलर्स जैसे रेड, ग्रीन, और ऑरेंज चुनें, जो इस स्टाइल में बहुत अच्छे लगते हैं।

## ऑक्सीडाइज्ड गहनों को साफ करने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे

गहने हर महिला के श्रृंगार का अहम हिस्सा होते हैं, जो हर लुक की शोभा बढ़ाने का काम करते हैं। पिछले कुछ सालों से महिलाओं के बीच ऑक्सीडाइज्ड जेवर प्रचिलित हो रहे हैं, जो सिल्वर रंग के होते हैं। इनमें झुमके, कड़े, हार और नथ आदि शामिल होते हैं, जो पारंपरिक कपड़ों के साथ जंचते हैं। हालांकि, इन गहनों की चमक समय के साथ कम हो जाती है। इन्हें साफ करने के लिए आप ये घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं।

**पानी और साबुन का करें इस्तेमाल :** अगर आपके ऑक्सीडाइज्ड गहने थोड़े गंदे हैं तो आप उन्हें पानी और साबुन की मदद से साफ कर सकती हैं। इसके लिए एक कटोरे में गुनगुना पानी लें। इसमें एक चम्मच लिक्विड साबुन डालें और अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इस घोल में अपने ऑक्सीडाइज्ड जेवर डाल दें और उन्हें कुछ देर के लिए छोड़ दें। इन्हें निकालकर टूथब्रश की मदद से हल्के हाथों से रगड़ें और पानी से धो लें। धोने के बाद सूखे कपड़े से उन्हें पोछ लें।



### बेकिंग सोडा भी आएगा काम

जिन ऑक्सीडाइज्ड जेवरों पर दाग लग गए हैं, उन्हें साफ करने के लिए बेकिंग सोडा इस्तेमाल किया जा सकता है। एक कटोरे में अंदर की ओर अल्युमीनियम फॉयल लगा दें और उसपर ऑक्सीडाइज्ड जेवर रख दें। बेकिंग सोडा और गर्म पानी का घोल बनाकर कटोरे में डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं और तब तक छोड़ दें जब तक घोल में बुलबुले उठने न बंद हो जाएं।

### टूथपेस्ट से वापस आएगी चमक

टूथपेस्ट एक बढ़िया उत्पाद है, जो ऑक्सीडाइज्ड आभूषणों को साफ करने में मदद कर सकता है। इसके जरिए उनकी चमक भी लौट आएगी और वे नए जैसे दिखाई देंगे। अपने ऑक्सीडाइज्ड जेवर पर थोड़ा-सा टूथपेस्ट लगाएं और उसे मुलायम ब्रश की मदद से हल्के हाथों से घिसें।

## हील्स और फ्लैट को कहें बाय-बाय, ट्रेंड में है ब्राइडल स्नीकर्स...ये खूबसूरत डिजाइन हैं ट्रेंड में

अब तक शादी में दुल्हन हील्स या फ्लैट्स पहनती आई हैं, लेकिन अब ट्रेंड बदल रहा है। आज की मॉडर्न ब्राइड्स कंफर्ट के साथ स्टाइल को भी तवज्जो दे रही हैं और इसी सोच के चलते ब्राइडल स्नीकर्स का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है।

अगर आप भी अपनी शादी में कुछ नया और यूनिक ट्राई करना चाहती हैं, तो ब्राइडल स्नीकर्स आपके लिए परफेक्ट ऑप्शन हैं। ये न केवल कंफर्टेबल होते हैं, बल्कि आपके लहंगे या साड़ी के साथ खूबसूरत भी लगते हैं। अगर आप भी अपनी शादी के दिन स्टाइल और कंफर्ट दोनों एक साथ चाहती हैं। तो हील्स और फ्लैट्स को बाय-बाय कहें और ब्राइडल स्नीकर्स अपनाएं।



**मीनाकारी डिजाइन स्नीकर्स :** मीनाकारी सिर्फ ज्वेलरी और फुटवियर तक ही सीमित नहीं है, अब यह स्नीकर्स में भी ट्रेंड कर रही है। इनमें खूबसूरत कलाकारी, रंग-बिरंगे फ्लोरल पैटर्न और गोल्डन टच दिया जाता है, जो आपकी शादी के आउटफिट के साथ बेहतरीन रहते हैं। खासतौर पर अगर आप राजस्थानी या मुगल थीम वाली शादी कर रही हैं, तो ये स्नीकर्स आपकी स्टाइल को चार-चांद लगा देंगे।

**जरी वर्क डिजाइन स्नीकर्स :** जरी वर्क ब्राइडल स्नीकर्स आपको रॉयल और क्लासिक लुक देने के लिए एकदम परफेक्ट हैं। इनमें गोल्डन, सिल्वर और ब्रोंज कलर के धागों से बारीक कढ़ाई की जाती है, जो इन्हें एक शाही लुक देता है। अगर आप रेड, मरून, गोल्डन, या पेस्टल शेड्स के लहंगे पहनने वाली हैं, तो ये स्नीकर्स आपके आउटफिट के साथ शानदार लगेंगे।

**कुंदन डिजाइन स्नीकर्स :** कुंदन वर्क वाले स्नीकर्स आपके ब्राइडल आउटफिट के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं और आपको ग्रेसफुल लुक देते हैं। इन स्नीकर्स में खूबसूरत स्टोन्स, बीड्स और कुंदन सेटिंग्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो इन्हें एलिगेंट और यूनिक बनाते हैं।

कार्नर न्यूज

## पार्टी की प्लानिंग अभी से शुरू कर दें, जिससे त्योहार का मजा दोगुना हो जाए

## सबसे शानदार होली पार्टी आयोजित करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, त्योहार बन जाएगा खास

रंगों का त्यौहार 14 मार्च को होली मनाई जाएगी, जिसे रंगों का पर्व भी कहते हैं। इस त्योहार का असली मजा तब आता है जब सभी करीबी एकत्र होकर एक-दूसरे को अबीर और रंग लगा रहे हों। इस साल के जश्न को खास बनाने के लिए आप घर पर होली पार्टी आयोजित कर सकते हैं। इस पार्टी की प्लानिंग अभी से शुरू कर दें, जिससे त्योहार का मजा दोगुना हो जाए। सबसे शानदार होली पार्टी आयोजित करने के लिए ये टिप्स अपनाएं।



### होली के थीम वाली सजावट करें

इस पर्व के सार को दर्शाने और उत्सव को यादगार बनाने के लिए आप होली वाली सजावट कर सकते हैं। इसके लिए पुरानी साड़ियों और दुप्पटों को दीवारों पर लटका दें और फूलों वाली तोरन बनाकर दरवाजों पर बांध दें। इसके साथ ही सुंदर प्लेट, प्यालियों या रंग-बिरंगी मटकियों में रंग और गुलाल भरकर रख दें।

### सभी को सफेद कपड़े पहनने को कहें

होली के दिन लोग सफेद रंग के कपड़े पहनना पसंद करते हैं, जो अब एक परंपरा बन चुकी है। आप भी अपनी पार्टी की थीम सफेद रख सकते हैं और सभी मेहमानों को उसी रंग के कपड़े पहनने को कह सकते हैं। सफेद कपड़ों पर सभी रंग उभरकर नजर आते हैं और त्योहार का मजा दोगुना हो जाता है।

### होली वाले गानों की प्लेलिस्ट बनाएं

होली पर रंग खेलते-खेलते लोग खुद-ब-खुद थिरकने लगते हैं, क्यूंकि इस पर्व का उत्साह ही कुछ अलग होता है। इसीलिए मेहमानों के आने से पहले ही होली के लोकप्रिय गानों की एक बढ़िया-सी प्लेलिस्ट तैयार कर लें। आप इसमें रंग बरसे, बलम पिचकारी, लेटस प्ले होली, होरी खेले रघुबीरा और आज न छोड़ेंगे जैसे सदाबहार बॉलीवुड गाने जोड़ सकते हैं। ये गीत जश्न के मजे को बढ़ाएंगे, पार्टी में अच्छी वाइब लाएंगे और सभी को नाचने पर मजबूर कर देंगे।

**रंग और गुलाल तैयार रखें :** होली की पार्टी बिना रंगों के अधूरी रह जाएगी। इसीलिए, आपको रंग और अबीर के कई सारे पैकेट खरीदकर रख लेने चाहिए। इससे मेहमानों को रंग लेकर आने की जेहमत नहीं उठानी पड़ेगी और वे आपकी पार्टी को हमेशा याद भी रखेंगे।

### पारंपरिक पकवान बनाना न भूलें

जिस तरह होली रंगों के बिना अधूरी है, उसी तरह हर पार्टी स्वादिष्ट भोजन के बिना अधूरी है। अपनी होली पार्टी के मेन्यू में इस पर्व पर बनने वाले सभी पारंपरिक व्यंजन शामिल करें, जिन्हें चखकर मेहमान आपकी तारीफ करते नहीं थकेंगे। आप गुजिया, पापड़, चिप्स, मालपुआ, कांजी वड़ा, ठंडाई, नमक पारे और खुरमे जैसे लजीज पकवान बना सकते हैं। इनके अलावा, खाने का भी बंदोबस्त करें, ताकि सभी रंग खेलने के बाद पेट पूजा कर सकें।

